

ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए इस्राइली अरबपति के जहाज पर सवार 17 भारतीय चालक दल में शामिल केरल की एन टेसा जोसेफ सुरक्षित भारत लौट आई हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 107 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। -भागवद्

## मन की बात



उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।
-स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




## ईडी ने शिल्पा शेट्टी का फ्लैट अटैच किया

टीम एक्शन इंडिया

**मुंबई: प्रवर्तन** निदेशालय ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क की है। इसमें शिल्पा शेट्टी का जुहू वाला फ्लैट और राज कुंद्रा के नाम पर रजिस्टर्ड बंगला और इक्विटी शेयर शामिल हैं। मामला 2002 के बिटकॉइन पॉन्जी स्कीम घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। ईडी ने पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। ईडी ने वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। जांच एजेंसी का आरोप है कि आरोपियों ने बिटकॉइन के रूप में हर महीने 10% रिटर्न के झूठे वादे के साथ लोगों से बिटकॉइन (2017 में ही 6600 करोड़ रुपए कीमत) के रूप में बड़ी रकम इकट्ठा की थी। इन बिटकॉइन का इस्तेमाल बिटकॉइन माइनिंग में होना था, लेकिन प्रमोटरों ने निवेशकों को धोखा दिया और गलत तरीके से अर्जित बिटकॉइन को ऑनलाइन वॉलेट में छिपा दिया। डील फेल हो गई और इन्वेस्टर्स को उनका फायदा नहीं दिया गया।

# 2047 के लिए 24 घंटे 7 दिन काम करेंगे: मोदी

= लेटर में पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी उम्मीदवारों को जीत का विश्वास दिलाया है

**पत्र लिखा**

8 मोदी ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी बीजेपी और एनडीए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखा



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** रामनवमी के अवसर पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी बीजेपी और एनडीए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखा है। इस लेटर में पीएम मोदी ने सभी उम्मीदवारों को जीत का विश्वास दिलाया है। पीएम ने लिखा- आप सभी जनता के आशीर्वाद से संसद पहुंचेंगे। हमें मिलने वाला एक-एक वोट मजबूत सरकार की ओर बढ़ता कदम होगा। पीएम ने आगे लिखा- एक टीम के रूप में, हम निर्वाचन क्षेत्र के लोगों और क्षेत्र के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह लेटर भाजपा द्वारा किसी निर्वाचन क्षेत्र में हर किसी तक पीएम का संदेश पहुंचाने की कवायद का हिस्सा है।

**अन्नामलाई को भेजे लेटर में लिखा- आपने नौकरी छोड़कर जनसेवा चुनी, इसकी खुशी:** कोयंबटूर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कुप्पुस्वामी अन्नामलाई को भेजे लेटर में पीएम लिखते हैं- रामनवमी के शुभ अवसर पर आपको लिखते हुए खुशी हो रही है। मैं आपको अच्छी सरकारी नौकरी छोड़ने और लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध होने के आपके निर्णय पर आपको बधाई देता हूं। आप तमिलनाडु में भाजपा की जमीनी स्तर पर उपस्थिति को मजबूत करते रहे हैं। आपने कानून प्रवर्तन, शासन और युवा सशक्तीकरण सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर देने में वास्तव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जनता के आशीर्वाद से, मुझे विश्वास है कि आप संसद तक पहुंचेंगे। आप जैसे टीम के सदस्य मेरे लिए बहुत बड़ी संपत्ति हैं। पीएम ने आगे लिखा, इस लेटर के माध्यम से, मैं आपके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को बताना चाहता हूं कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है। लोग कांग्रेस के 5-6 दशकों के शासन में जिन कठिनाइयों से गुजरे हैं, उन्हें याद होगा। पिछले 10 सालों में, समाज के हर वर्ग के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, इनमें से कई परेशानियां दूर हो गई हैं, फिर भी, अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के हमारे मिशन में यह चुनाव निर्णायक होगा।

### 'यह चुनाव वर्तमान को उज्ज्वल भविष्य से जोड़ने का'

**इसी** तरह का एक लेटर अनिल बलूनी को मिला। जिसमें पीएम लिखते हैं, यह चुनाव हमारे वर्तमान को उज्ज्वल भविष्य से जोड़ने का एक अवसर है। भाजपा को मिलने वाला प्रत्येक वोट एक स्थिर सरकार बनाने की दिशा में जाएगा और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा को गति प्रदान करेगा। इस महत्वपूर्ण समय में, मैं आपसे और अन्य सभी कार्यकर्ताओं से चुनाव अभियान के आखिरी कुछ घंटों का पूरा उपयोग करने का भी आग्रह करता हूं। साथ ही, मैं आपसे अपने और अपने आस-पास के अन्य लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखने का भी अनुरोध करता हूं।

### लेटर के आखिर में वोटर्स से वोट करने की अपील की

**लेटर** के आखिर में पीएम ने वोटर्स से अपील करते हुए कहा, जनता गर्मी बढ़ने से पहले सुबह जल्दी वोट डालें। भाजपा उम्मीदवार के रूप में, मैं आपसे प्रत्येक मतदाता को अपना आश्वासन देने का आग्रह करता हूं कि मेरे समय का हर पल मेरे साथी नागरिकों के कल्याण के लिए समर्पित है। पीएम ने लिखा- मैं आपको चुनाव में आपकी जीत के लिए शुभकामनाएं भेजता हूं। हम 2047 के लिए 24 घंटे 7 दिन काम करेंगे। 1 2024 लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी।

# ईवीएम-वीवीपैट पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित



**सुनवाई**

8 फैसला सुरक्षित, वोटर्स को वोटिंग पर्ची क्यों नहीं दे सकते: सुप्रीम कोर्ट, ईसी बोला- इसका गलत इस्तेमाल होगा

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों की 100% क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने समेत अन्य वकीलों और चुनाव आयोग की 5 घंटे दलीलें सुनी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। प्रशांत भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से पेश हुए। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से एडवोकेट मनिंदर सिंह और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट के सामने एक रिपोर्ट पेश की। इसमें आरोप था कि केरल में मॉक पोलिंग के दौरान भाजपा को ज्यादा वोट जा रहे थे। इस पर कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से पूछा कि ये कितना सही है। सिंह ने कहा कि ये खबरें झूठी और बेबुनियाद है। कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को वीवीपैट से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा- वोटर्स को वीवीपैट स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते। कोर्ट ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में चुनाव आयोग के वकील से ईवीएम और वीवीपैट की पूरी प्रक्रिया समझी। साथ ही कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता कायम रहनी चाहिए। शक नहीं होना चाहिए कि ये होना चाहिए था और हुआ नहीं। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

**पहले भी सुप्रीम कोर्ट में कई बार उठा है मुद्दा:** 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, 21 विपक्षी दलों के नेताओं ने भी सभी ईवीएम में से कम से कम 50 प्रतिशत वीवीपैट मशीनों की पर्चियों से वोटों के मिलान करने की मांग की थी। उस समय, चुनाव आयोग हर निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ एक ईवीएम का वीवीपैट मशीन से मिलान करता था।

# 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग आज



**करें मतदान**

8 2019 में भाजपा 40, डीएमके 24, कांग्रेस 15 और अन्य ने 23 सीटें जीती थीं

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** 2024 लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पहले फेज में कुल 1,625 कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8% हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने 1,618 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 16% यानी 252 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं, 450 यानी 28% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 10 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है।

**161 कैंडिडेट्स पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज:** रिपोर्ट के मुताबिक, 10% यानी 161 कैंडिडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

# बंगाल में रामनवमी पर दो जगह हिंसा

**आगजनी**

8 मुर्शिदाबाद में शोभायात्रा के बीच फूटा बम, मेदिनीपुर में आगजनी

टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता: पश्चिम बंगाल में** रामनवमी के अवसर पर दो जगह हिंसा हुई। मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा शहर में मस्जिद के पास से शोभायात्रा निकालने के बाद दो समुदायों के बीच संघर्ष हुआ। इस बीच बम फटने की भी सूचना मिली। वहीं मेदिनीपुर के इगरा में भी दो समुदाय के बीच झड़प हुई और आगजनी की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंसा में अब तक 18 लोगों के घायल होने की खबर है।

**मुर्शिदाबाद के रेजीनगर में घर की छत से पत्थरबाजी:** बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने हिंसा के कुछ वीडियो शेयर किए हैं। उन्होंने लिखा- ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के लिए कलंक हैं।

## ईरान में फंसे जहाज से भारतीय महिला की सुरक्षित वापसी

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए इस्राइली अरबपति के जहाज पर सवार 17 भारतीय चालक दल में शामिल केरल की एन टेसा जोसेफ सुरक्षित भारत लौट आई हैं। गुरुवार को केरल के त्रिशूर की रहने वाली एन टेसा कोचीन हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उनका स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के जरिए इस बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनकी सुरक्षित वापसी पर खुशी जताई है।

# सलमान फायरिंग केस में एक और अरेस्ट

गोलियां चलाने वाले शूटरों के संपर्क में रहा, अनमोल बिश्नोई से निर्देश ले रहा था

**जांच जारी**

8 सलमान के घर के बाहर हुए फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने हरियाणा से एक और संदिग्ध को पकड़ा है

टीम एक्शन इंडिया

**मुंबई :** सलमान खान के घर के बाहर हुए फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने हरियाणा से एक और संदिग्ध को पकड़ा है। अभी तक व्यक्ति के नाम का पता नहीं चल सका है। पुलिस उसे अपने साथ मुंबई ले गई है। संदिग्ध से पूछताछ में पता चला है कि उसी ने मुख्य आरोपी विक्की और सागर को फायरिंग के लिए 1 लाख रुपए दिए थे। इसके बाद और भी पैसे देने का वादा किया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह



संदिग्ध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के अमेरिका में बैठे भाई अनमोल बिश्नोई के टच में था। सलमान के घर पर गोली चलाने वाले दो मुख्य आरोपियों विक्की और सागर पाल को मुंबई के किला कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

**घेरा** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था

# 'कांग्रेस वोट के लिए नक्सलियों की वकालत कर रही'

**निशाने पर**

8 सुप्रिया ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को बुधवार को 'शहीद' करार दिया

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव शुरू होने में अब कुछ ही घंटे शेष रह गए हैं। ऐसे में राजनीतिक दल प्रचार करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अपनी जीत के लिए एक से बढ़कर एक चुनावी वादे किए जा रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उसने आरोप लगाया कि कांग्रेस वोट के लिए नक्सलियों की वकालत कर रही है क्योंकि उसने लोकसभा चुनावों में अपनी हार भांप ली है।

**चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाए:**



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को बुधवार को 'शहीद' करार दिया और चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाए। गौरतलब है, छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था। पिछले तीन दशकों से नक्सल खतरे का सामना कर रहे राज्य में अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ है।

**कांग्रेस ने वही किया है जो उनसे उम्मीद की जाती**

पूनावाला ने कहा, 'हमने छत्तीसगढ़ में एक बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान देखा जिसमें सुरक्षाकर्मियों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया। यह वास्तव में सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। सुरक्षा बलों की कार्रवाई का स्वागत करने के बजाय कांग्रेस ने वही किया है जो उनसे उम्मीद की जाती है। हालांकि, यह विश्वास से परे है कि सबसे पुरानी पार्टी ने दावा किया है कि नक्सली वास्तव में शहीद थे। इसने हमारे सुरक्षा बलों की बहादुरी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।'

श्रद्धांजलि एवं शोक सभा

ॐ ॐ



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय
श्री धनंजय माहेश्वरी (बुई)
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर रविवार 7 अप्रैल 2024 को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं उनकी आत्मा की शांति के लिए
श्रद्धांजलि एवं शोक सभा शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को तय हुई है।
श्रद्धांजलि सभा ................................ सायं 4 से 5 बजे तक
स्थान :श्री शिव मन्दिर शिवाजी रोड़, आदर्श नगर, दिल्ली-110033
शोकाकुल परिवार
संजय माहेश्वरी (पिताजी)
कृष्ण गोपाल राठी (ताऊजी)
रवि कुमार माहेश्वरी (ताऊजी)
आशीष, मनीष, शिवा (भाई)
विभु, कृष्णा, कान्हा (भतीजे)
ई-17, शिवाजी रोड़, आदर्श नगर, दिल्ली 110033

# मोदी की गारंटी पूरा करेगी सरकार: सैनी

## पछले 10 साल में मोदी सरकार ने गरीब, दलित, महिला, युवाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पिछले 10 साल में मोदी सरकार ने गरीब, दलित, महिला, युवाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। आज देश इंतजार कर रहा है कि फिर देश में मोदी सरकार बने। मुख्यमंत्री गुरुवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गदपुरी टोल प्लाजा के समीप मैदान में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में एक भी जिला ऐसा नहीं है, जहां हाईवे नहीं है। मैं पहले पृथला आता था तो तीन-तीन घंटे लग जाते थे, आज आया हूं तो मिनटों में पहुंच गया। मैं छठी विधानसभा रैली में आया हूं। विश्वास हो रहा है कि कृष्ण पाल गुर्जर देश में सबसे बड़ी जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने दस सालों में अभूतपूर्व काम किए है, मोदी की गारंटी का संकल्प पत्र सरकार सौ प्रतिशत पूरा करेगी। उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर हल्ला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस मोदी सरकार के कामों से बौखला गई है इसलिए बिना सिर-पैर की बातें करती है। कांग्रेस ने कभी अपना घोषणा पत्र देखा भी नहीं है, पूरा करना तो दूर है। उन्होंने कहा कि 70 के दशक में इंदिरा गांधी ने कहा कि हम गरीबी मिटाएगें। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। जबकि कांग्रेस ने गरीब को और गरीब कर दिया। कांग्रेस के समय में दो-दो रूपए के चैक दिए। जबकि मोदी सरकार ने साढे 12 हजार रुपए किसानों के खाते में डाले। उन्होंने मंच से लोगों से आह्वान किया कि एक-एक वोट मोदी को दी, जिससे कि विकास का यह सिलसिला बदस्तूर जारी रहे। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद के विकास का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया, उन्होंने कहा कि जल्द ही मंझावली पुल बन जाएगा, जिससे 15 मिनट में नोएडा आवागमन हो सकेगा। उन्होंने मंच से मोहना कट पर बोलते हुए कहा कि मोहना में कट जरूर बनेगा, कोई रोक नहीं सकता। जो किसी के बहकावे में धरने पर बैठे है, वे 4 तारीख के बाद खुद उठ जाएगा। उन्हें राजनीति मुबारक। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, मोदी का जो अपमान करेगा, जनता उसका बुरा हाल करेगी। रैली को हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा, विधायक नयनपाल रावत सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, डा. बलदेव अलावलपुर सहित अनेकों भाजपा नेतागण व कार्यकर्ता मौजूद थे।



**गारंटी**

8 मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, मोदी का जो अपमान करेगा, जनता उसका बुरा हाल करेगी

# 1270 बूथों के पीठासीन अधिकारियों की होगी ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में 25 से 28 अप्रैल तक रोजाना तीन चरणों में ईवीएम मशीन तथा मतदान प्रक्रिया की ट्रेनिंग दी जाएगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि निर्वाचन विभाग से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर सभी पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसमें महत्वपूर्ण भूमिका गुरुग्राम के एसडीएम रविन्द्र कुमार व रोडवेज जीएम प्रदीप अहलावत की रहेगी। डीसी ने बताया कि 25 अप्रैल को सुबह नौ बजे, दोपहर 12 बजे और तीन बजे पटौदी विधानसभा क्षेत्र, 26 अप्रैल को इसी प्रकार तीन चरणों में बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र, 27 अप्रैल को गुरुग्राम एवं 28 अप्रैल को सोहना विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर नियुक्त होने वाले पीठासीन व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 1270 पोलिंग बूथ हैं। इन सभी पोलिंग बूथ के अलावा रिजर्व में रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को यह ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाना एक बड़ी जिम्मेदारी का काम है। वे मतदान शुरू करवाने से लेकर इसे पूर्ण करवाने तक की प्रक्रिया को ध्यान से समझें। कोई सवाल मन में है तो उसे अवश्य पूछें।

# सिंचाई विभाग के बाद सीएम फ्लाइंग ने डीआरओ कार्यालय में की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

फतेहाबादः गुरुवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने लघु सचिवालय स्थित जिला राजस्व विभाग के दफ्तर में छापेमारी की। इस दौरान सीएम फ्लाइंग टीम के साथ गुप्तचर विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा राजस्व विभाग में कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर के अलावा किसानों को दिए जाने वाले मआवजा, विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का रिकार्ड चैक किया। सीएम फ्लाइंग की छापेमारी की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग कार्यालय के अलावा लघु सचिवालय स्थित अन्य विभागों के कर्मचारियों में हडकंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग टीम को जिला राजस्व विभाग में कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायतें मिल रही थी। इन्हीं शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम ने उपनिरीक्षक सुरेन्द्र ढांडा के नेतृत्व में वीरवार को इस विभाग में दबिश दी और जांच पड़ताल की। उनके साथ एएसआई अनिल कुमार व जिला खजाना अधिकारी राजेश कुमार भी मौजूद रहे। जांच के दौरान सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा जहां कर्मचारियों की हाजिरी चैक की गई वहीं वर्ष 2022, 23 में किसानों के लिए कितना मुआवजा आया। कितना मुआवजा किसानों को बांटा गया, बकाया राशि कहां है। कितनी राशि लैप्स हुई है, इसके बारे में जांच पड़ताल की गई।

**जांच**

8 रजिस्टर के अलावा किसानों को दिए जाने वाले मआवजा, विभाग द्वारा किए जा रहे का रिकॉर्ड देखा

# फतेहाबाद: एडीसी ने किया अनाज मंडियों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ फतेहाबाद, रतिया, भूना मंडी तथा वेयर हाउस के गोदाम का निरीक्षण किया और गेहूं फसल खरीद के प्रबंधों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडीसी ने मंडियों में पीने के पानी, सफाई तथा शौचालय इत्यादि की मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। संबंधित मार्केट कमेटी सचिव को दिशा निर्देश जारी किए, ताकि किसी भी किसान को फसल बेचने में कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े। मौके पर व्यापार मंडल के सदस्यों ने बताया कि खरीद में कोई समस्या नहीं है।

# परेशान आढ़तियों ने दी मंडी बंद करने की चेतावनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबादः** फतेहाबाद की अनाज मण्डियों और खरीद केन्द्रों पर गेहूं की आवक ने जोर पकड़ लिया है। मौसम विभाग द्वारा आने वाले दिनों में बरसात और बूंदाबांदी की भविष्यवाणी से चिंतित किसानों ने गेहूं कटाई तेज कर दी है। किसानों को बारिश के चलते अपनी फसल के खराब होने का डर सता रहा है। एक तरफ जहां मण्डियों में गेहूं की आवक जोर पकड़ रही है वहीं दूसरी ओर उठान का काम कछुआ चाल से होने से मण्डियां गेहूं की बोरियों से अट गई है। उठान न होने से किसानों व आढ़तियों को खुले आसमान के नीचे पड़ी फसल के खराब होने का डर सता रहा है। इससे खफा अनाज मण्डी के व्यापारियों ने वीरवार को व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू के नेतृत्व में रोष जताया और उठान न होने की सूरत में मण्डी बंद करने की चेतावनी दी। बता दें कि मण्डियों में पिछले करीब एक सप्ताह से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हुई है। जिले में हैफेड, फूड एंड सप्लाई, हरियाणा वेयर हाऊस और एफसीआई द्वारा गेहूं की खरीद की जा रही है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वीरवार तक जिले में 1 लाख 31 हजार 664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें हैफेड ने 62109 एमटी, फूड एंड सप्लाई ने 13521 एमटी, हरियाणा वेयर हारऊस ने 51851 एमटी व एफसीआई द्वारा 4183 एमटी खरीद की खरीद की गई है। जिले में जहां गेहूं की खरीद तेज हो रही है वहीं उठान न होने से किसान व आढ़ती दोनों परेशान हैं। जिले में अब तक केवल 5 प्रतिशत यानि 6393 एमटी फसल का ही उठान हो पाया है। मण्डियों में अब भी 1 लाख 17 हजार 120 एमटी गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। रोष जता रहे व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू का कहना है कि उठान न होने से मण्डियों में जाम की स्थिति बन रही है।



# वेल्डिंग के दौरान डबल डेकर बस में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबादः** फरीदाबाद में पल्ला सेहतपुर स्थित वेदराम कॉलोनी के पास गुरुवार सुबह वेल्डिंग के दौरान एक डबल डेकर बस में आग लग गई। आग की सूचना पर डायल 112, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। बताया गया कि एक बस श्री राम गार्डन की पार्किंग में खड़ी थी। डबल बस में वेल्डिंग कार्य कराने के लिए निकली थी। वेल्डिंग के दौरान बस में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में आग लगते ही बाल्टी से पानी से भरकर बुझाने की कोशिश की गई लेकिन जब आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

# बुलेट पर बीजेपी का प्रचार करते हुए गुरुग्राम पहुंची बुलेट रानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम: बुलेट** रानी के नाम से फेमस तमिलनाडू की राज लक्ष्मी मंदा बीजेपी के लिए चुनाव प्रचार करते हुए गुरुवार को गुरुग्राम पहुंची। वोट फॉर मोदी, वोट फॉर नेशन के मिशन के साथ 21 हजार किलोमीटर की यात्रा पर निकली बुलेट रानी का यहां भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, जिला उपाध्यक्ष सुन्दरी खत्री, जिला सह-मीडिया प्रमुख पवन यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष मयंक निर्मल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनिया यादव का स्वागत किया। इस दौरान पत्रकार वार्ता में बुलेट रानी राज लक्ष्मी मंदा ने कहा कि मदुरई से 12 फरवरी को बुलेट बाइक यात्रा शुरू की थी। अब तक मदुरई से दिल्ली तक 65 दिनों में 21 हजार किलोमीटर का सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि मेरा एक मात्र एजेंडा तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मदुरई से शुरू हुई यात्रा पॉन्डिचेरी, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, छत्तसीगढ़ उड़ीसा, झारखंड, बिहार होते हुए यूपी और यूपी से अब हरियाणा के गुरुग्राम में वे पहुंची हैं। यात्रा का अंतिम पड़ाव गुरुवार को ही दिल्ली में होगा। बुलेट रानी ने बताया कि वह मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का संकल्प लेकर निकली हैं। 65 दिनों में 15 राज्यों से होते हुए यहां आई हैं। सभी राज्यों में उन्हें पूरा मान-सम्मान और समर्थन मिला है। उन्होंने बताया कि स्वयं बुलेट पर चलती है और उनके साथ कुछ साथी भी हैं जो ट्रक में साथ चल रहे हैं। श्रीमती मंदा ने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी 400 पार का लक्ष्य जनसमर्थन से अवश्य पूरा करेंगे। राज लक्ष्मी मंदा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर वह जनता से वोट मांग रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। भारत का पूरे विश्व में मान सम्मान बढ़ा है। देश भर में प्रधानमंत्री मोदी की लहर है और दक्षिण में भी इस बार भाजपा का डंका बजेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 10 वर्षों से बिना भेदभाव के देश की तरक्की के लिए काम कर रहे हैं। पीएम मोदी का लक्ष्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है। इसलिए आम आदमी स्वयं ही भाजपा के प्रचार में जुटा है। सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए पीएम मोदी हर वर्ग को सशक्त कर रहे हैं। पीएम मोदी के कार्यों ने बुलेट रानी को काफी प्रभावित किया है।



**प्रचार**

8 बुलेट रानी राज लक्ष्मी मंदा ने मोदी को फिर से पीएम बनाने को मांगे वोट, जिला अध्यक्ष ने किया स्वागत

# हॉर्टिकल्चर वेस्ट का नियमित किया जा रहा उठान



**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** नगर निगम गुरुग्राम का दावा है कि पतझड़ के मौसम के चलते निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर उत्पन्न हो रहे हॉर्टिकल्चर वेस्ट का उठान नियमित रूप से नगर निगम की बागवानी शाखा द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है। बागवानी शाखा के कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता स्वयं विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। मौके पर उपस्थित रहकर कचरा उठान सुनिश्चित करवा रहे हैं। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा हॉर्टिकल्चर वेस्ट उठान के लिए जारी किया गया वाट्सएप हेल्पलाईन नंबर-7290076135 भी लगातार एक्टिव है। नागरिक इस पर प्रतिदिन शिकायतें भेज रहे हैं। प्राप्त शिकातयों का समाधान भी निगम टीमों द्वारा तत्परता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। वीरवार को सेक्टर-12ए, सुशांत लोक-1, सेक्टर-15 पार्ट-2, पटेल नगर, सेक्टर-4, सेक्टर-10, सेक्टर-10ए, सेक्टर-39, न्यू कॉलोनी, सेक्टर-5, फ्रेंड्स कॉलोनी, सिविल लाईंस सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। टीमों ने सडकों के किनारों, पार्कों सहित अंदरूनी सडकों पर पड़े हॉर्टिकल्चर वेस्ट को उठाया।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा गत दिनों बागवानी शाखा के कार्यकारी अभियंता मनोज कुमार को कड़े निर्देश दिए थे कि निगम क्षेत्र में इधर-उधर फैले हॉर्टिकल्चर वेस्ट का उठान नियमित रूप से किया जाए। पतझड़ का मौसम होने के कारण पेड़ों के पत्ते झड़ रहे हैं और उनमें आग लगने की घटनाएं भी हो रही हैं। निगमायुक्त द्वारा शहरवासियों से भी बार-बार अपील की जा रही है कि वे पत्तों आदि में आग ना लगाएं।

**सफाई**

8 हॉर्टिकल्चर वेस्ट का उठान नियमित रूप से नगर निगम की बागवानी शाखा द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा

# फसल उठान में ट्रांसपोर्टर के स्तर पर हो रही देरी

**गुरुग्राम:** हरियाणा के वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जिला के प्रशासकीय अधिकारी अनुराग रस्तोगी ने गुरुवार को पटौदी-जाटौली व फर्रूखनगर अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मार्किट कमेटी के अधिकारियों व आढ़तियों ने एसीएस के समक्ष फसल उठान में ट्रांसपोर्टर की ओर से की जा रही देरी का विषय रखा। जिस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने संबंधित ट्रांसपोर्टर को फसल उठान के लिए 10 अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसीएस अनुराग रस्तोगी के गुरुग्राम आगमन पर डीसी निशांत कुमार यादव ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण दौरे में मंडियों में गेहूं व सरसों की फसल की आवक व उठान संबंधी विस्तृत जानकारी दी। अनुराग रस्तोगी ने कहा कि गेहूं के सीजन में सभी मंडियों में फसल खरीद का कार्य सुचारू रुप से चल रहा है। मंडियों में व्यापारियों और किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। फसल की राशि का भुगतान भी नियमानुसार कर दिया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निरीक्षण दौरे में मंडी में मौजूद किसानों से वहां दी जा रही सेवाओं व सुविधाओं का फीडबैक लेकर व्यापारियों से भी खरीद कार्य, उठान कार्य के बारे में बातचीत कर, खरीद कार्यों में ओर सुधार लाने के लिए किसानों, व्यापारियों और अधिकारियों से सुझाव भी लिए। निरीक्षण दौरे में यह विषय भी आया कि सिवाड़ी स्थित हरियाणा वेयर हाउस के गोदाम में पांच अनलोडिंग पॉइंट है। जिसमें से गुरुग्राम जिले के लिए केवल दो पॉइंट्स ही इस्तेमाल में लाए जा रहे हैं। वहीं बाकी तीन पॉइंट्स पर अन्य जिलों का माल उतारा जा रहा है। इस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को सिवाड़ी में दो अन्य पॉइंट्स की व्यवस्था गुरूग्राम जिला के लिए करने के निर्देश दिए।



# रेवाड़ी-रोहतक के बीच चलेगी अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरियाणा:** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए रेवाड़ी और रोहतक के बीच चलेगी अनारक्षित स्पेशल ट्रेन और वलसाड-भिवानी और दिल्ली-भुज के बीच साप्ताहिक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेनें रेवाड़ी स्टेशन पर ठहराव करेंगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने गुरुवार को बताया कि गाड़ी संख्या 09617, रेवाड़ी-रोहतक अनारक्षित प्रतिदिन ट्रेन 30 अप्रैल तक (14 ट्रिप) रेवाड़ी से 23.55 बजे रवाना होकर 01.30 बजे रोहतक पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09681, रोहतक-रेवाड़ी अनारक्षित प्रतिदिन ट्रेन 1 मई तक (14 ट्रिप) रोहतक से 02.35 बजे रवाना होकर 04.15 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। ये ट्रेन गोकलगढ, पाल्हावास, माछरौली, झज्जर, डीघल व अस्थल बोहर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसी प्रकार वलसाड-भिवानी-वलसाड साप्ताहिक (10 ट्रिप) एवं भुज-दिल्ली सराय-भुज द्वि. साप्ताहिक (17 ट्रिप) स्पेशल ट्रेनें शुरू की है। गाड़ी संख्या 09007, वलसाड-भिवानी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 25 अप्रैल से 27 जून तक (10 ट्रिप) वलसाड से गुरुवार को 13.50 बजे रवाना होकर शुक्रवार को जयपुर स्टेशन पर 07.15 बजे आगमन व 07.25 बजे रवाना होकर 12.55 बजे भिवानी पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09008, भिवानी-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 26 अप्रैल से 28 जून तक (10 ट्रिप) भिवानी से शुक्रवार को 14.45 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 19.30 बजे आगमन व 19.40 बजे रवाना होकर शनिवार को 12.00 बजे वलसाड पहुंचेगी।

# स्कूल बस व ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर, बस खाली होने से बड़ा हादसा टला

**टीम एक्शन इंडिया**

फतेहाबादः महेन्द्रगढ़ में हुए स्कूल बस हादसे में मासूम बच्चों की मौत के बाद एक तरफ जहां जिला प्रशासन स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नजर आ रहा है वहीं कुछ स्कूल संचालक इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। गुरुवार को भी जिले के शहर टोहाना में डीएवी स्कूल की बस हादसे का शिकार हो गई। यहां स्कूल बस और ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर हो गई। गनीमत यह रही कि जिस समय हादसा हुआ उस समय स्कूल बस में कोई बच्चा नहीं था, जिस कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। मिली जानकारी के अनुसार टोहाना के डीएवी स्कूल की बस वीरवार को टोहाना के हिसार रोड बाइपास की तरफ जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से बस की साइड लग गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद दोनों चालकों में बहसबाजी शुरू हो गई और दोनों चालकों ने एक-दूसरे पर लापरवाही के आरोप लगाए। स्कूल बस चालक धीरज का कहना है कि वह बच्चों को स्कूल छोडने के बाद बस की पासिंग के लिए बस में टेक्निकल चीजें पूरे करवाने के लिए मैकेनिक के पास जा रहा था। इस दौरान वह सामने आ रही ट्रैक्टर ट्राली को हॉर्न बजाता रहा, लेकिन ट्रैक्टर चालक स्पीकर पर गाने सुनता हुआ आया और बस में पिछली साइड टक्कर दे मारी। दूसरी तरफ ट्रैक्टर चालक रामनिवास का कहना है कि वह अपनी साइड से ही जा रहा था लेकिन बस चालक ने गलत दिशा में बस लाकर ट्राली के साथ दुर्घटना कर दी।

**टला हादसा**

8 मासूम बच्चों की मौत के बाद जिला प्रशासन स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नजर आ रहा है

# टिकट की घोषणा नहीं पर गुरुग्राम की राजनीति में राज बब्बर हो रहे हिट

## टिकट को लेकर पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव, राव दान सिंह, जितेंद्र भारद्वाज के नामों की भी चर्चा, रोज चर्चाओं के बीच गुजर जाता है दिन

**टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्रामः लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने हरियाणा में अभी तक टिकटों की घोषणा नहीं की है। फिर भी टिकट को लेकर यहां रोज नई चर्चाओं को जन्म मिलता है। फिल्म अभिनेता एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज बब्बर का यहां की राजनीति में दूर-दूर तक का कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन गुरुग्राम लोकसभा में रोज उनके नाम की चचाओं का बाजार गर्म रहता है। भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की टक्कर में कांग्रेस द्वारा राज बब्बर को यहां से चुनाव मैदान में उतारे जाने की चचाएं होती रहती हैं। वैसे यहां से कई अन्य वरिष्ठ नेताओं का नाम भी सामने आ रहा है।



गुरुग्राम लोकसभा सीट पर एक तरह से निवर्तमान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के कब्जे वाली सीट ही है। क्योंकि वे पिछली कई योजनाओं से यहां से चुनाव जीतते आ रहे हैं। वह भी अच्छे मार्जिन से। ऐसे में उनका तोड़ किसी राजनीतिक दल के पास नहीं है। सिर्फ राव इंद्रजीत स्वयं राजनीति दलों की झोली में गुरुग्राम लोकसभा की सीट डालते हैं। जब वे कांग्रेस में थे तो तब कांग्रेस से जीत दर्ज कर रहे थे, अब भारतीय जनता पार्टी में हैं तो अब भी वे ही जीत रहे हैं। एक तरह से यह उनकी पुश्तैनी सीट बन चुकी है। रह-रहकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं फिल्म अभिनेता राज बब्बर के नाम की यहां पर लगातार चचाएं हो रही हैं। हालांकि राज बब्बर की ना तो यह राजनीतिक कर्मस्थली है और ना ही उनका यहां से कभी कोई रिश्ता-नाता रहा है। संगठन भी इतना मजबूत नजर नहीं आ रहा कि किसी को कहीं से टिकट दे दे और वह जीत दर्ज कर जाए। गुरुग्राम लोकसभा सीट पर यहीं से ही ऐसा मजबूत नेता चाहिए, जो जीत ना सके तो कम से कम राव इंद्रजीत सिंह को टक्कर जरूर दे। फिलहाल तो ऐसा कोई नेता नजर नहीं आ रहा है।

राज बब्बर के अलावा यहां से पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, राव दान सिंह, कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज के नाम भी राजनीतिक गलियारों में चचाओं में चल रहे हैं। लोकसभा चुनाव के मैदान में राव इंद्रजीत सिंह को टक्कर देने वाले नेता की यहां दरकार है। यहां कांग्रेस नेताओं में सिर्फ कैप्टन अजय यादव ही ऐसे नेता हैं, जिन्होंने लोकसभा का चुनाव लड़ा है। बाकी राव दान सिंह विधानसभा का ही चुनाव लड़ते रहे हैं।

जितेंद्र भारद्वाज के पास अभी तक चुनाव लडने का कोई अनुभव नहीं है। वे संगठन के नेता के रूप में ही काम करते रहे हैं। ऐसे में राव इंद्रजीत सिंह की राजनीतिक जमीन में सेंधमारी करना कांग्रेस के लिए इतना आसान नजर नहीं आ रहा।

## न्यूज फ्लैश

### नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार, 15 ग्राम स्मैक बरामद



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में संजय कुमार उर्फ काला पुत्र ओमप्रकाश वासी गांधीनगर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 15 ग्राम स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल की है।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 17 अप्रैल 2024 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 के उप निरीक्षक गुलाब सिंह, मुख्य सिपाही कृष्ण कुमार,सतीश कुमार, भजन सिंह, व गाड़ी चालक ईएसआई किरपाल की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में पुराना बस अडडा कुरुक्षेत्र पर मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि सजंय कुमार उर्फ काला पुत्र ओमप्रकाश वासी गांधी नगर कुरुक्षेत्र स्मैक बेचने का काम करता है। जो आज भी अपने घर से स्मैक लेकर बेचने के लिए जायेगा। यदि उसे काबू करके उसकी तलाशी ली जाए तो उसके पास से काफी मात्रा में स्मैक बरामद हो सकती है। पुलिस टीम ने जनता स्कूल गांधीनगर के पास नाकाबन्दी करके नगरानी शुरू कर दी। मौका पर राजपत्रित अधिकारी श्री अशोक कुमार उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कुरुक्षेत्र को बुलाया गया। थोडी देर बाद गांधीनगर के तरफ से एक लड़का पैदल-पैदल आता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर एकदम वापिस मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा। जिसको पुलिस टीम ने काबू करके उसका नामपता पूछने पर उसने अपना नाम संजय कुमार उर्फ काला पुत्र ओमप्रकाश वासी गांधीनगर कुरुक्षेत्र बताया। पुलिस टीम द्वारा राजपत्रित अधिकारी के सामने संजय कुमार उर्फ काला की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई ।आरोपी के खिलाफ थाना कृष्णा गेट में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके अपराध अन्वेषण शाखा-1 के सहायक उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह ने आरोपी संजय कुमार उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया गया ।

### 3 गाँव के 5 आरोपी खरखौदा पुलिस ने किए गिरफ्तार

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**गोली** चलाकर की जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त 5 आरोपियो को खरखौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नरेश उर्फ निशु, विवेक उर्फ विक्कु, अक्षय उर्फ भोला निवासी गाँव सिसाना,अंकुश निवासी रोहणा व सुमित निवासी मटिंडू जिला सोनीपत के रहने वाले है।

पुलिस पीआरओ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत जिले के थाना खरखौदा की पुलिस ने गोली चलाकर की जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त आरोपीयो को गिरफतार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नरेश उर्फ निशु, विवेक उर्फ विक्कु, अक्षय उर्फ भोला निवासी गाँव सिसाना,अंकुश निवासी रोहणा व सुमित निवासी मटिंडू जिला सोनीपत के रहने वाले है।

# गेंहू खरीद को लेकर मंडलायुक्त ने छावनी मंडी का दौरा किया

## मौके पर उपस्थित मार्किट कमेटी सचिव व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से अब तक कितनी गेहूं की खरीद हो चुकी है तथा कितनी लिफ्टिंग हो चुकी है, इस बारे भी जानकारी ली

**दौरा**

**8 मंडलायुक्त ने मंडी का दौरा करते हुए गेहूं खरीद कार्य को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मंडलायुक्त रेनू एस. फुलिया ने गेहूं खरीद कार्य को लेकर अम्बाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अम्बाला छावनी अनाज मंडी अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से गेहूं खरीद कार्य के साथ-साथ लिफ्टिंग को लेकर किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है इसकी भी जानकारी ली। मंडलायुक्त ने अम्बाला छावनी अनाज मंडी का दौरा करते हुए गेहूं खरीद कार्य को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित मार्किट कमेटी सचिव व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से अब तक कितनी गेहूं की खरीद हो चुकी है तथा कितनी लिफ्टिंग हो चुकी है, इस बारे भी जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कहा कि जितनी भी गेहूं की आवक मंडी में पहुंचती है अधिकारी इस बात को सुनिश्चित करे कि उसका उठान भी समय अवधि के तहत होना सुनिश्चित होना चाहिए। इस दौरान उन्होंनें आढ़तीयों से भी बातचीत की और उन्हें मंडी में गेहूं खरीद कार्य में किसी प्रकार की कोई दिक्कत तो नहीं आ रही, इस बारे भी जानकारी ली। मार्किट कमेटी सचिव नीरज भारद्वाज ने मंडलायुक्त को अवगत करवाते हुए बताा कि अभी तक अम्बाला छावनी अनाज मंडी में 62 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है, जिसमें से 52 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है, लिफ्टिंग का कार्य सुचारू रूप से जारी है और 21 हजार क्विंटल लिफ्टिंग के साथ-साथ 1125 गेट पास काटे गये हैं। यहां पर हैफड द्वारा गेहूं खरीद का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर मार्किट कमेटी के डीएमईओ राजीव चौधरी व हैफड के डीएम अमित कुमार ने भी गेहूं खरीद कार्य से सम्बन्धित जानकारी मंडलायुक्त को दी। उन्होंने बताया कि जिला में सभी जगहों पर गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है।

मंडलायुक्त ने इस मौके पर बारदाने की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सत्येन्द्र सिवाच, डीएमईओ राजीव चौधरी, मार्किट कमेटी सचिव नीरज भारद्वाज, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, हैफेड के डीएम अमित कुमार के साथ-साथ आढ़ती व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# राम नवमी के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रह्मकुमारी डिफेंस कॉलोनी अंबाला कैंट द्वारा रामनवमी के उपलक्ष में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारीज आश्रम में आने वाले भाई बहनों ने एवम् आश्रम प्रभारी बहनों ने एचडीएफसी बैंक डिफेंस कॉलोनी के पास यात्रा का भव्य स्वागत किया।

यात्रा सेक्टर -ए की आटा चक्की से आरंभ होकर सेक्टर-डी के लक्ष्मी नारायण मंदिर पर समापन हुई।

डिफेंस कॉलोनी राजयोग केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कोमल बहन ने कहा गायन है कि सबके राजा राम, राम सवारे काम। श्री राम जी का जन्म हमें याद दिलाता है कि वह त्याग, तपस्या की मूर्ति थे और मयार्दा पुरुषोत्तम थे और अपने जीवन में उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कैसे

**भव्य**

**8 भाई बहनों ने एवम् आश्रम प्रभारी बहनों ने एचडीएफसी बैंक डिफेंस कॉलोनी के पास यात्रा का भव्य स्वागत किया**

अपने संबंधों को आज्ञाकारी बनकर उनका दिल जीता और सबके प्रिय बने। इस तरह आज रामनवमी के दिन हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि कैसे सभी व्यक्तियों के साथ शुभभावना व कामना रखकर अपने संबंधों को मधुर बनाना है तभी हम ऐसा राम राज्य धरती पर ला सकेंगे। इस यात्रा के संयोजक के रूप में रेनू भामर, आशा राणा, मीना, अंजू शर्मा, चंचल, जया, राधा, रेखा, प्रिया, कविता, राजदुलारी व सखियां ने अपनी भूमिका निभाई।

# डी ए बी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल समालखा में महात्मा हंसराज डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा:** डी ए बी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल समालखा में महात्मा हंसराज ड़े बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दयानंद सदन इंचार्ज मीनाक्षी सेतिया एवं मीनाक्षी चोपड़ा के निर्देशन में महात्मा हंसराज का जन्मदिन मनाया । नर्सरी से पांचवी कक्षा तक विद्यार्थी महात्मा हंसराज का वेश धारण करके आए जो देखने में बहुत ही सुंदर लग रहे थे। दसवीं कक्षा की छात्रा वंशिका और राखी ने महात्मा हंसराज के जीवन चरित्र की विशेषताए बताते हुए अपने विचार व्यक्त किया। छठी कक्षा की छात्रा अवनी आराध्या नव्या कनिशा अबशा और चिंकी ने महात्मा हंसराज के ऊपर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्या भव्या शर्मा ने महात्मा हंसराज को महान शिक्षाविद बताते हुए उनके त्याग पूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की भी प्रशंसा की इसके पश्चात सभी प्रतियोगी छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बाल सुधार गृह में मतदान को लेकर किया गया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** लोकसभा आम चुनाव के तहत लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं मतदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल सुधार गृह (ऑब्जर्वेशन होम) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान निबंध प्रतियोगिता, स्पीच प्रतिोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को नगराधीश विश्वजीत सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नगराधीश ने बाल सुधार गृह (ऑब्जर्वेशन होम) का दौरा करते हुए यहां पर रह रहे बच्चों (जुविनाईलों) को यहां पर जो सुविधाएं दी जा रही हैं उसका जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान जुविनाईलों की रहने की व्यवस्था के साथ-साथ उन्हें जो अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं उसका भी जायजा लिया। नगराधीश ने इस दौरान उपस्थित बच्चों (जुविनाईलों) को लोकतंत्र के पर्व की महत्वता बारे जानकारी देते हुए कहा कि अगले दो या तीन वर्षों में वे भी 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे। उसके उपरांत वे अपना मत अवश्य बनवाएं। लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिये मत का योगदान बहुत महत्वपूर्ण होता है। यहां पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक वीडियो के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ-साथ मत डालने की प्रक्रिया के बारे में भी दिखाया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा स्वीप एक्टिविटी के तहत जो भाषण एवं निबंध तैयार किये हैं, वह काफी सराहनीय हैं। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीप एक्टिविटी के तहत यहां पर कार्यक्रम करके बच्चों को जो जानकारी दी गई है, उसकी भी सराहना की। इस दौरान नगराधीश ने बाल सुधार गृह के सम्बन्धित अधिकारी से यहां पर कितने जुविनाईल रह है उस बारे जानकारी ली तथा सुविधाओं बारे पूछा। सम्बन्धित ने नगराधीश को अवगत करवाते हुए बताया कि यहां पर बाल सुधार गृह में 69 जुविनाईल रह रहे हैं। यहां पर रह रहे जुविनाईलों को रहने, खाने, पढने के साथ-साथ आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोर्टस एक्टीविटी, स्कील ट्रेनिंग व वैकेशनल ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**



**समालखा** अच्छी लिखावट के महत्त्व पर बहुत बहस होती है, लेकिन इसे जो प्रशंसा मिलती है। वह तर्क के दायरे से परे है।" सुंदर लिखावट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में तीसरी से आठवीं कक्षा के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी छात्रों ने सुंदर शब्द, उनकी संरचना, आकार, स्थान और सामान्य साफ-सफाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक उद्धरण (पहरा) लिखा।

विद्यालय के अध्यक्ष रमेश रेवाड़ी व वाइस चेयरमैन जगदीश अरोड़ा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल में इस प्रतियोगिता को करवाने का मुख्य भाव उनकी लेखन क्रिया को तेज करने के साथ-साथ सुंदर करना है। साथ ही इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों को एक खुला मंच प्रस्तुत करवाती हैं; जिसके माध्यम से वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकें। डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉ सपना गुप्ता ने बताया कि सुंदर लेख शिक्षा ग्रहण करने में नींव का काम करता है। डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉ सपना गुप्ता ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता विद्यार्थियों के साथ ही प्रत्येक कक्षा (वर्ग) से दो छात्रों को सांत्वना प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

**सुंदर लिखावट**

**8 सुंदर लिखावट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अंग्रेजी कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**

# डीएलएसए ने मत का सही प्रयोग करने और मजदूरों के अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा निदेर्शानुसार डीएलएसए द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुरूप भविष्य आपके हाथ में एक मतदान अधिकार अभियान और असंगठित मजदूरों के लिए हक हमारा भी तो है कैंपेन चलाया गया है। जिसके तहत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है और साथ ही मजदूरों को उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस कैंपेन के तहत पैनल अधिवक्ता तुषार सैनी व पीएलवी अमनप्रीत द्वारा गांव खेड़ी रामनगर, खिजरपुरा व किरमच में लोगों को जागरूक किया गया। सीजेएम नितिन राज ने डीएलएसए के कहा इन कैंपों का उद्देश्य है लोगों को जागरूक करना उन तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है।

# 25 मार्च को महेंद्रगढ़ आएंगे सीएम सैनी: प्रो. रामबिलास शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** आगामी 25 मार्च को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सब्जी मंडी महेंद्रगढ़ में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उक्त आशय की जानकारी हरियाणा भाजपा के दिग्गज नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने जय राम सदन में महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के युवा मंडल अध्यक्षों की कार्यकारिणी के गठन के अवसर पर कही। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव भी मौजूद रहे।

इस मौके पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र ने महेंद्रगढ़ मंडल के शहरी अध्यक्ष अशोक कुमार लारा, महेंद्रगढ़ ग्रामीण के उपेंद्र यादव पायगा मौजूद रहे।

# आर्य गर्ल्स कॉलेज में स्वीप एक्टिविटी कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** 18वीं लोकसभा चुनाव को लेकर आर्य गर्ल्स कॉलेज अंम्बाला कैंट में स्वीप एक्टिविटी के तहत कॉलेज मेनेजमेंट द्वारा मॉक इलेक्सन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और मॉक इलेक्सन कार्यक्रम में मतदान की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि चुनाव के समय मतदान करने की जो प्रक्रिया होती है, उसको इस कार्यक्रम के माध्यम से समझाया गया है। इस दौरान वोटर स्लिप, पोलिंग पार्टी एजेंट, पोलिंग ऑफिसर, प्रीजाइडिंग ऑफिसर और ईवीएम मशीन द्वारा मतदान करने तक की पूरी प्रक्रिया की डैमो के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने स्वंय भी मॉक इलेक्सन कार्यक्रम में मतदान की प्रक्रिया में भाग लिया और उपस्थित विद्यार्थियों को भी मतदान के समय होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व होता है तथा लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये सभी मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि स्वीप एक्टिविटी के तहत कईं गतिविधियां करवाई जा रही है, जिसमें नुक्कड़ नाटक, स्कूलों व कॉलेजों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज आर्य गर्ल्ज कॉलेज में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि विद्यार्थी भी लोकतंत्र के पर्व में अपने वोट के महत्व को समझें और मतदान के प्रति जागरूक हों। कॉलेज प्रिंसीपल अनुपमा आर्य व प्रबन्धन कमेटी द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता को यहां पंहुचने पर शॉल व स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विवेक मल्होत्रा, ओ.पी. सिंघल, डा0 अमनदीप व कॉलेज का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# श्रीराधाकृष्ण मंदिर में श्री राम दरबार वार्षिक उत्सव आयोजित

## महादेव मोहल्ला थानेसर स्थित श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर में 28वां श्रीराम दरबार स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** महादेव मोहल्ला थानेसर स्थित श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर में 28वां श्रीराम दरबार स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भजन संध्या, हवन और भंडारा हुआ। कार्यक्रम के आयोजक विजय भारद्वाज ने बताया कि यह आयोजन राम दरबार एवं हॉल की स्थापना के सहयोगी स्व.जयकिशन शर्मा-स्व.विमला शर्मा (कनाडा) की स्मृति में करवाया गया। भजन संध्या में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने मधुर भजन सुनाकर समां बांधा। पूरे मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनियों एवं फूलमालाओं से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने हाथों में पुष्प लेकर सीताराम की चरण वंदना करते हुए प्रार्थना की। पं. राधाकृष्ण दास पांडे ने यजमानों से पूजन करवाया। तत्पश्चात भक्ति प्रवचन एवं भजन संध्या हुई। भजन गायकों ने भजनों की मधुर तान पर श्रद्धालुओं को थिरकने पर विवश किया। इस अवसर पर मंदिर समिति सदस्य रामकुमार भारद्वाज ने कहा कि रामायण ने इस धरती पर असंख्य जीवों का कल्याण किया है, कर रही है और करती रहेगी। रामायण के प्रत्येक पात्र से हमें कोई न कोई अच्छी सीख अवश्य मिलती है। भजन संध्या में भारी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने करतल ध्वनि करते हुए सीताराम सरकार के जोरदार जयकारे लगाए। भंडारे में श्रद्धालुओं ने सेवा करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के पूर्व अध्यक्ष यशेन्द्र शर्मा, रामकुमार भारद्वाज, विजय भारद्वाज, निवर्तमान पार्षद नितिन भारद्वाज, पूर्व पार्षद अरूणा शर्मा, दीपक सिंगला, जंगबहादुर सिंगला, राजेश शर्मा, बॉबी शर्मा, सुंदर वालिया, धर्मपाल सैनी, लक्की शर्मा, त्रिभुवन शर्मा, रामस्वरूप मौदगिल, ईश्वर वालिया, विंध्यप्रकाश पांडे, शुभम पांडे, वरुण दत्त, अरुण दत्त, हर्षवर्धन दत्त, मनमोहन शर्मा, अनिरुद्ध शर्मा हन्नी, सुरेंद्र शर्मा, अमित शर्मा रॉकी, मोहित शर्मा, सुमित गर्ग बंटी,प्रेमलता,पारुल शर्मा, वृंदा शर्मा, सिम्मी शर्मा,सोनिया शर्मा, ऋचा शर्मा, मधु शर्मा और सीता पांडेय आदि शामिल रहे।

**स्मृति में**

**8 हॉल की स्थापना के सहयोगी स्व.जयकिशन शर्मा-स्व.विमला शर्मा (कनाडा) की स्मृति में करवाया गया**

# 'शांतिपूर्वक व निष्पक्ष चुनाव करवाने में बीएलओ की रहेगी अहम भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि जिला में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के तौर पर कार्य कर रहे सभी कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रकार की तैयारी समय पर पूरी कर लें साथ ही सभी बूथों से संबंधित सूचना भी एकत्रित कर लें ताकि उन्हें बाद में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि सभी बीएलओ अपने-अपने सुपरवाईजरों से तालमेल करते रहें। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन( ईवीएम) के बारे में अगर किसी को जानकारी प्राप्त नहीं है तो वे भी ईवीएम की जानकारी लेना सुनिश्चित करें तथा अपने-अपने बूथ की सही प्रकार से जांच पड़ताल कर लें। सभी बीएलओ जो कार्य करें वह अच्छा करें तथा किसी को भी शिकायत का मौका न दें। बूथ वाइज मतदान केन्द्र पर विकलांग व्यक्तियों के रैम्प बने हुए हैं या नहीं की स्थिति के बारे में रिपोर्ट कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब पोलिंग पार्टी के साथ जाए तो सही समय पर जाए, क्योंकि अक्सर देखा गया है कि कुछ लोग बूथ पर शिकायत करते हैं कि मेरा पहचान-पत्र गलत बन गया, तो उस व्यक्ति को समझाएं कि अगर उसका नाम व फोटो लिस्ट में है या पहचान-पत्र में है तो वह व्यक्ति अपनी वोट डाल सकता है। सभी बूथ लेवल अधिकारी शांतिपूर्वक व निष्पक्ष चुनाव करवाने में अहम भूमिका निभा सकते है।

## न्यूज फ्लैश

### हिस्ट्री टीवी 18 ने एडोल्फ हिटलर के आखिरी क्षणों के पीछे के सच को किया उजागर

**नई दिल्ली।** एडॉल्फ हिटलर के जन्म दिवस पर हिस्ट्री टीवी 18 शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 को रात 9:00 बजे हिस्ट्रीज ग्रेटेस्ट मिस्ट्रीज: द हंट फॉर हिटलर के प्रीमियर के साथ एक विशेष खोजी कार्यक्रम का अनावरण करने जा रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध के आखिरी दिनों में, अप्रैल में ही हिटलर की कथित आत्महत्या की खबर आई थी। यह कार्यक्रम उनकी मृत्यु की उस पारंपरिक कहानी को चुनौती देता है और उनके आखिरी क्षणों के पीछे के सच को जानने के लिए एक मनोरंजक यात्रा पर निकलता है। यह कार्यक्रम सच खोजने के अथक प्रयास से दर्शकों को बांधे रखने और 20वीं सदी के एक सबसे बड़े रहस्य पर नई रोशनी डालने का वादा करता है।




अधिकांश इतिहासकारों और सरकारों के बीच प्रचलित सिद्धांत यह है कि एडॉल्फ हिटलर ने द्वितीय विश्व युद्ध के आखिरी संघर्षों के दौरान अपना अंत कर लिया था, कथित तौर पर बर्लिन के एक बंकर में खुद को गोली मार ली थी। हालांकि, दशकों पुरानी शंकाएँ और प्रश्न अब तक अनुत्तरित हैं, वजह ये कि उसका शव कभी मिला ही नहीं, जो इस अटकल को बल देता है कि इस नाजी नेता ने अपनी मौत का नाटक किया और पकड़े जाने से बच गया। हिस्ट्रीज ग्रेटेस्ट मिस्ट्रीज: द हंट फॉर हिटलर इन अनिश्चितताओं का सीधे सामना करने की हिम्मत करता है और दर्शकों के सामने अपनी खोज रखता है, ताकि वे सोच-समझकर स्वयं तय कर सकें कि क्या हिटलर बच निकला था और कभी सामने न आने के लिए गायब हो गया था? सावधानीपूर्वक शोध, विशेषज्ञ विश्लेषण, और अभिलेखीय फुटेज और दस्तावेजों तक विशेष पहुँच के साथ षड्यंत्र के सिद्धांतों और ऐतिहासिक अभिलेखों की जाँच करके यह खोजी कार्यक्रम हिटलर के गायब होने की पहेली को सुलझाता है। जब उसकी मृत्यु की खबर फैली थी तब वहाँ कोई शव नहीं मिला था, और अलग-अलग प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के साथ हिटलर के अंतिम क्षणों का सवाल इतिहासकारों के सामने चुनौती बना हुआ है। कई नाज़ियों द्वारा इस्तेमाल किए गए गुप्त रास्तों से लेकर दुनिया भर में हिटलर के कथित रूप से देखे जाने तक, यह कार्यक्रम सच की खोज में कोई कसर नहीं छोड़ता, और एक ऐसे रहस्य पर प्रकाश डालता है जिसने कई पीढ़ियों से दुनिया को चकित किया हुआ है। एक और भी चौंकाने वाला दावा यह पड़ताल करती है कि क्या कोई हमशक्ल असली हिटलर की जगह काम कर रहा था, और क्या असली हिटलर कई हत्या के प्रयासों में से एक के दौरान पहले ही मर चुका था?

### बांगुर सीमेंट ने लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

**पानीपत।** बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन वोट सोलिड, देश सोलिड देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था।
यह कैंपेन वोट सोलिड, देश सोलिड का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं। कैंपेन के बारे में बात करते हुए श्री नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा, बांगुर सीमेंट का वोट सोलिड देश सोलिड कैंपेन और वोट का वचन शपथ, हमारे ब्राण्ड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट . पर वोट का वचन के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है।

# जनता की सेवा करती आई है और भविष्य में भी करती रहेगी सरकार: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सेवा करती आई है और भविष्य में भी करती रहेगी। मैं आपका अपना मनोहर लाल आपके साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। आपके क्षेत्र की समस्याएं हल करने की बात हो, कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की बात हो जब तक शरीर में जान है तब तक मनोहर लाल जनता की सेवा से पीछे नहीं हटेगा। मनोहर लाल पानीपत में आयोजित कलस्टर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मनोहर लाल को जोरदार स्वागत किया गया। मनोहर लाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर था। भाजपा सरकार ने उसे खत्म किया। लाखों रुपए देकर लोगों के काम होते थे। अब बिना पैसे के लोगों के काम पारदर्शिता से हो रहे हैं। अब पर्ची और खर्ची नहीं चलती। मेरिट और योग्यता के आधार पर नौकरी मिल रही है। सरकार हर वर्ग का ख्याल रखकर काम कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है। जनता को योजनाओं का लाभ घर बैठे मिल रहा है। मनोहर लाल ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने अवैध कालोनियों को वैध किया ताकि लोग वहां चैन से रह सकें और उन्हें हर सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि साढे 9 साल प्रदेश की जनता की सेवा की है और अब वह सेवा मुख्यमंत्री नायब सैनी संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कुर्सी की होड लगी रहती है लेकिन यह भाजपा के संस्कार नहीं हैं। भाजपा में हर कार्यकर्ता को मौका मिलता है और बडी से बडी जिम्मेदारी कब मिल जाती है पता नहीं चलता। उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र जनहितैषी पार्टी है जिस कारण आज भाजपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है। जनता ने नरेंद्र मोदी के लाइसेंस को रिन्यू करने का मन बना लिया है। जनता का मन है कि नरेंद्र मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें। जनता 400 पार के नारे को पूरा करेगी और करनाल लोकसभा सहित प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालेगी।




# एसडीएम ने किया सतनाली अनाज मंडी का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्रगढ़**
**एसडीएम संजीव कुमार** ने आज सतनाली अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों के साथ बातचीत की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में फसल बेचने आए किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों को फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि अधिकारी मंडी में बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था व अन्य प्रबंधों का विशेष ध्यान रखें। अगर किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। सतनाली अनाज मंडी में हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन की तरफ से खरीद की जा रही है। यहां अभी तक 55756 क्विंटल सरसों की आवक हुई है। 2335 क्विंटल सरसों का उठान हुआ है।

# रक्तदान महादान है, समय- समय पर करना चाहिए: जोगेन्द्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: एसआरके स्कूल सेंटर** के छात्रों ने आईटीएम कॉलेज मुरथल में लगे रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्थान के विद्यार्थी अनिल कुमार ने रक्तदान करके रक्तदान महादान का नारा लगा दिया। कैंप में लगभग 65 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर एसआरके स्किल सेंटर के संचालक जोगेंद्र राजपूत, आईटीएम कॉलेज के अध्यक्ष सुषमा बजाज बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। जोगेन्द्र ने बताया कि ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन रोटरी सोनीपत सिटी ब्लड सेंटर द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए हमें समय- समय पर रकतदान करते रहना चाहिए।

# स्कूल बस हादसे में स्कूल चेयरमैन को किया कोर्ट में पेश

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।**
**कनीना में पिछले बृहस्पतिवार** को उन्हानी के पास हुए सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने जी एल स्कूल के चेयरमेन राजेंद्र सिंह को बुधवार को गिरफ्तार किया था जिसको बृहस्पतिवार को कनीना न्यायालय में एसडीजेएम मेनका सिंह में की अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया इस बारे में जानकारी देते हुए कनीना के उप पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने स्कूल चेयरमैन का 8 दिन का पुलिस रिमांड मांगा था कोर्ट ने 5 दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया जिसमें उनसे आवश्यक दस्तावेज व अन्य जानकारियां जुटाना है इसके अलावा स्कूल के डायरेक्टर सुभाष यादव की अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है वह फरार चल रहा है जिसको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की तीन टीम लगी हुई है उन्होंने कहा कि उसको भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा इसके अलावा इस मामले में आवश्यक हुआ तो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सिंह को छुपाने के आरोपी की भी जांच किए जा रही है इसमें भी कोई आदमी शामिल मिला तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी काबिले गौर है कि घटना के 8 दिन बाद स्कूल चेयरमैन कोर्ट में पेश हुए हैं पिछले बृहस्पतिवार को प्रातः घटना घटी थी और आज बृहस्पतिवार को न्यायालय में उनका पेश किया



**बृहस्पतिवार को भी स्कूल में नहीं पहुंचा एक भी छात्र**

बस दुर्घटना के 8 दिन बाद भी जी एल पब्लिक स्कूल में एक भी छात्र शिक्षा ग्रहण नहीं करने पहुंचा । जबकि स्कूल प्रशासक जिला नगर योजनाकार महावीर प्रसाद के दिशा निर्देश अनुसार स्कूल में अध्यापक व अन्य स्टाफ उपस्थित हो रहा है इसमें मुख्य कारण परिवहन सुविधाओं का अभाव बताया जा रहा है ।

# उपायुक्त ने बाल ग्राम की बेटियों अंजलि-रजनी का कन्यादान कर दिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई-सोनीपत:**
**बाल ग्राम में पली-बढ़ी** बेटियों अंजलि व रजनी को विवाह सूत्र में बांधते हुए पिता के रूप में उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कन्यादान किया। उन्होंने दोनों बेटियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बाल ग्राम राई में गुरूवार का दिन बेहद खास रहा। मौका था बाल ग्राम की दो बेटियों के विवाह का, जिसमें स्वयं उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने अपनी धर्मपत्नी डा. निधि सहित शामिल होकर पूर्ण विधि-विधान के साथ सभी रस्मों को पूरा करवाया। उन्होंने बारात का स्वागत करते हुए वर पक्ष से भेंटवार्ता करते हुए कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियों को अपनी बेटियों के रूप में परिवार में स्थान दें, ताकि उनका आगामी जीवन सुखमय रहे। उपायुक्त ने कहा कि बाल ग्राम की बेटियां सर्व समाज की बेटियां हैं, जिनके स्वर्णिम भविष्य के लिए सबको अपना आशीर्वाद देना चाहिए। हमने बेटियों को शिक्षित और संस्कारवान बनाया है। कुदरत ने इन्हें जो नहीं दिया वह सब उन्हें यहां देने का प्रयास किया गया है। एक परिवार की भांति बेटियों का पोषण किया गया। अब आशाएं हैं कि उनका भविष्य बहुत बेहतरीन गुजरे, जिसमें किसी प्रकार का अभाव न रहे। उन्होंने हरदीप व मोनू को भी विशेष रूप से बधाई दी। बाल ग्राम की बेटियों ने भी खुद को सौभागयशाली बताया जो उन्हें उपायुक्त डा. मनोज कुमार का आशीर्वाद मिला। अंजलि व रजनी का कहना था कि उपायुक्त ने सदैव ही उन्हें हर सुख-सुविधा प्रदान की है। पारिवारिक माहौल देते हुए बेटियों को जीवन में आगे बढ? के लिए प्रोत्साहन दिया है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमारी ने भी दोनों बेटियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि अंजलि का विवाह हरदीप पुत्र इंतजार सिंह तथा रजनी का विवाह मोनू पुत्र नरेंद्र के साथ हुआ है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी तथा नगराधीश पूजा कुमारी ने भी दोनों नव-विवाहितों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे, जिन्होंने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इनमें विशेष रूप से धीरज चौधरी, लवनीश चौधरी, राहुल शर्मा, सीडीपीओ गीता गहलावत आदि शामिल रहे।



### मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्या अवगत कराने का लिया निर्णय

**गन्नौर। हरियाणा मास्टर** वर्ग एसोसिएशन राज्य कार्यकारिणी की ऑनलाइन हुई। जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र यादव ने की। राज्य के प्रधान अनंत पाल नैन व समस्त कार्यकारिणी तथा सभी जिलों के प्रधान व महासचिवों ने भाग लिया। प्रांतीय सलाहकार भगवान सिंह सौरोत ने कहा कि मीटिंग का मुख्य मुद्दा टीजीटी और मौलिक स्कूल मुख्याध्यापक की कंबाइंड सीनियरिटी लिस्ट बना करके सी एंड वी को टेल पर लगाने की बात कही गई, जिसमें पता चला कि विभाग के कुछ अधिकारी नियमों को ताक पर रख रहे हैं। इनके खिलाफ शिक्षा मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा जाएगा। मौलिक स्कूल मुख्याध्यापक व टीजीटी के साथ सरासर अन्याय कर रहे हैं जो कि नियम के विरुद्ध है। हमारी यूनियन लंबे समय से टीजीटी व एलिमेंट्री स्कूल हेडमास्टर की मांगों के हेतु संघर्ष करता रहा है। आज यह वर्ग सरकार की उदासीन नीतियों की वजह से परेशान है। एसीपी के मामले लंबे समय से पेंडिंग पड़े हैं। उनका कोई समाधान नहीं निकला है। टीजीटी से पोस्ट ग्रेजुएट टीचर प्रमोशन नहीं करने पर अध्यापकों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। एल टी सी का बजट भी अभी नहीं मिला है और हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव चाहती है। सुबह 7:00 से 1:00 बजे स्कूलों का समय होना चाहिए ताकि बच्चों को गर्मी से बचाया जा सके। इस बैठक में रमेश पूनिया, सुरेंद्र सिंह यादव, भगवान सिंह सौरोत, नवल किशोर बघेल, रविदत्त जोशी ,राकेश नरवाल, रमेश राणा, अमित गुप्ता, राकेश चनैटी , दिलावर सिंह, रामदास आर्य, राजेंद्र कुमार शर्मा ,राजेश भाटी ,दीपक कुमार ,जयवीर दहिया, पंकज,तरुण कौशिक, सुकरमपाल, समर देशवाल सभी ने अपने विचार रखे तथा जल्द ही शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मास्टर वर्ग की समस्याओं से अवगत कराने का निर्णय लिया।

# एसपी ने पुलिस लाइन लाइब्रेरी का लिया जायजा, उपयोगी पुस्तकें की भेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**
**नारनौल। पुलिस अधीक्षक** अर्श वर्मा ने पुलिस लाइन परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस परिवार के छात्रों एवं छात्राओं के अध्ययन के लिए पूर्व में स्थापित लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान डीएसपी हरदीप सिंह भी मौजूद रहे। यहां अध्ययन हेतु छात्र-छात्राओं को नवीनतम पाठ्य पुस्तक भी उपलब्ध करवाई गई। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने लाइब्रेरी में किताबें भेंट की हैं। पुलिस लाइन नारनौल स्थित लाइब्रेरी में बैठकर पुस्तक पढ़ने में मन लगे, इस प्रकार से लाइब्रेरी को तैयार किया हुआ है। इस पुस्तकालय में विभिन्न प्रकार की किताबें रखी हुई हैं।



# पहली 21 हजार रुपए की कुश्ती रही संजय जैलाफ के नाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**
**नारनौल: मिजार्पुर-बाछौद की** बणी में बाबा ठाडेसर के वार्षिक मेले में अनेक प्रतियोगिताएं हुई। मेला कमेटी के सदस्य कृष्ण कुमार ने बताया कि मेले में नेशनल स्टाइल कबड्डी, वॉलीबॉल शूटिंग एवं कुश्ती आदि खेल प्रतियोगिताएं हुई । मेले में दाल बूटी व कढ़ी बाजरे का भंडारा बैध बिरेंद्र पुत्र वेदप्रकाश की तरफ से हुआ। ओपन कबड्डी में प्रथम साई ए सोनीपत को 51 हजार व द्वितीय अर्जुन स्टेडियम को 41 हजार रुपए का पुरस्कार का दिया गया। इसके अलावा अंडर 14 कबड्डी में जींद अर्जुन स्टेडियम प्रथम टीम को 11 हजार व द्वितीय पाथेड़ा को 5100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। बाछौद के सरपंच संजय बागड़ी, मिजार्पुर के दिलबाग सिंह, मेला कमेटी प्रधान चंद्रमण शर्मा, मास्टर कालूराम ने विजेता खिलाडि?ों को पुरस्कृत किया। मेले में कोच के रूप में अजय यादव, विक्रम नसीबपुर, विक्रम धन्नौदा कुश्ती कोच शुभजोन सिंह ने अच्छे जोड़े मिलाये।

डिप्टी कमांडेंट अमर सिंह कोच व मोरमुकुट ने मेले में विशेष भूमिका निभाई, कॉमेंटेटर सोनू टाकड़ी रहे। कामड़ा कुश्ती 21 हजार रुपए की संजय जैलाफ के नाम रही। 11 हजार की कुश्ती कृष्ण बिलासपुर ने अंकित गांधरे वाले को हरा कर जीती। 5100 रुपए की कुश्ती प्रदीप धारेड़ू ने जैलाफ के विकास को हराया।



# श्री गुलजारीलाल नंदा केंद्र में वैचारिक संवाद गोष्ठी आयोजित

**एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : श्री गुलजारीलाल** नंदा नीति शास्त्र, दर्शन शास्त्र, संग्रहालय एवं पुस्तकालय केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को प्रथम वैचारिक संवाद एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र की निदेशिका प्रोफेसर शुचिस्मिता ने केंद्र के गौरवपूर्ण अतीत, परंपरा एवं भावी योजनाओं की रूपरेखा रखते हुए सभी उपस्थित प्रबुद्ध जनों का स्वागत किया। दुर्गा अष्टमी के दिवस पर आयोजित वैचारिक संवाद के अन्तर्गत केंद्र को कुरुक्षेत्र नगर एवं नंदा जी की गरिमा के अनुरूप विकसित करने का संकल्प लिया गया। उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों ने केंद्र को भविष्य में भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप विकसित करने की संकल्पना व्यक्त की। इसके अंतर्गत यह निश्चय किया गया कि शीघ्र ही यहां पर बच्चों के लिए आउटडोर खेल एवं समय-समय पर विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित 48कोस तीर्थ मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा एवं समाजसेवी विजय सबरवाल ने सुझाव दिए कि यहां के पुस्तकालय को भारत सरकार के संस्कृति के मंत्रालय के सहयोग से विकसित किया जाना चाहिए ताकि शहर एवं देश विदेश के अधिक से अधिक बुद्धिजीवी एवं शोधार्थी यहां पर विविध सांस्कृतिक एवं सामाजिक विषयों पर विचार विमर्श कर सकें। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र राणा, डॉ गुरचरण सिंह, डॉ रामचंद्र एवं डॉ. हरविंदर लोंगोवाल ने भी केंद्र को विकसित करने के लिए नन्दा जी के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री, राष्ट्रीय संगोष्ठी, पत्रक एवं जीवन गैलरी तथा संवाद केंद्र में मासिक परिचर्चा के आयोजन करने के सुझाव दिए।केंद्र की निदेशिका प्रोफेसर शुचिस्मिता ने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सहयोग से शीघ्र ही केंद्र को सक्रिय एवं ऊर्जावान संस्थान के रूप में विकसित करने तथा सभी विचारित विषयों के क्रियान्वयन की दिशा में प्रयास प्रारंभ कर दिए जाएंगे।

इस अवसर पर राजेश जोशी, अमन शर्मा, कार्यकारी अभियन्ता पंकज शर्मा सहित अनेक प्रबुद्ध जन इस अवसर पर उपस्थित रहे।



**संवाद**

**8 परंपरा एवं भावी योजनाओं की रूपरेखा रखते हुए सभी उपस्थित प्रबुद्ध जनों का स्वागत किया**

# यू.पी.एस.सी. फतह करने वाले आकाशदीप ने बढ़ाया क्षेत्र का मान: माईराम

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: भाजपा नेता माईराम** कौशिक व गन्नौर विधानसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने यू.पी.एस. सी. में 166वां रैंक प्राप्त करने वाले गन्नौर के शास्त्री नगर निवासी आकाशदीप व उनके परिजनों से भेंट कर कहा कि आकाशदीप ने शानदार उपलब्धि प्राप्त कर सोनीपत जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने आकाशदीप की कामयाबी का श्रेय आकाशदीप के पिता व अन्य परिजनों को दिया। इस अवसर पर सुबोध शर्मा, भगतसिंह, मनदीप सिंह आदि मौजूद थे। ज्ञात रहे कि आकाशदीप ने 5वें प्रयास में सफलता हासिल की है। आकाशदीप की 10वीं, 12वीं की पढ़ाई शहर के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। आकाशदीप ने मंडी हिमाचल प्रदेश से आईआईटी से बी टेक की। जिसके बाद आकाशदीप की भारत पैट्रोलियम में बतौर आप्रेशन आफिसर नियुक्ति हुई, लेकिन 4 महीने के बाद स्वेच्छा से नौकरी छोड़ दी और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी में लग गया था।



# संपादकीय

## सही नीति और साफ नीयत से खत्म होगी गरीबी

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 13 अप्रैल को बस्तर में चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस की सरकार केंद्र में बनी तो हम एक झटके में देश से गरीबी खत्म कर देंगे। राहुल गांधी के बयान देने के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पिपरिया शहर में एक चुनावी रैली के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस के शाही जादूगर कहते हैं कि एक झटके में गरीबी मिटा दूंगा। 50 साल पहले उनकी दादी इंदिरा गांधी ने भी गरीबी हटाने का नारा दिया था, लेकिन हुआ क्या? अब राहुल गांधी यह बोलकर गरीबों का अपमान कर रहे हैं, उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रहे हैं। राहुल ने गरीबी हटाने का बयान मोदी सरकार को घेरने के लिए दिया था, लेकिन लगता है कि उन्होंने ये बयान देकर खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। भाजपा राहुल गांधी को कांग्रेस के पांच दशक से ज्यादा के शासन की याद दिला रही है। केंद्र और देश के ज्यादातर राज्यों में लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने शासन किया। उस कालावधि में गरीबों, किसानों, श्रमिकों, आदिवासियों, वनवासियों और वंचितों के कल्याण और विकास के लिए तत्कालीन कांग्रेस की सरकार को करना चाहिए था, वो किया नहीं गया। जिसका नतीजा यह है कि आज आजादी के 75 वर्षों बाद आबादी का एक बड़ा हिस्सा गरीबी का दंश झेल रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1971 के चुनाव में गरीबी हटाओ के नारे को भुनाया। चुनाव प्रचार में उन्होंने यह कहते हुए आमजन की हमदर्दी बटोरी, वो कहते हैं इंदिरा हटाओ, हम कहते हैं गरीबी हटाओ। विरोधियों ने गरीबी हटाओ के जवाब में नारा दिया, देखो इंदिरा का ये खेल, खा गई राशन, पी गई तेल। लेकिन वह काम नहीं आया। पांचवीं लोकसभा चुनाव के नतीजे आए तो कांग्रेस ने चुनाव में दो तिहाई सीटें हासिल की। गरीबी हटाओ उन बिरले नारों में से था, जिसने उसे गढ़ने वाले को चुनाव में बड़ी सफलता दिलाई। उसके बाद कांग्रेस करीब 40 से अधिक समय तक सरकार में रही लेकिन उनकी नीति और नीयत ठीक नहीं थी और गरीबी दूर नहीं हुई। कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार और घोटालों की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को जो मिलना चाहिए था, वो कभी मिला नहीं। 1971 के जनगणना के मुताबिक भारत में उस वक्त करीब 54 करोड़ आबादी थी, जिसमें से 57 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे थे। देश में 66 फीसदी लोग अनपढ़ थे। ग्रामीण से ज्यादा शहरी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रही थी। लम्बे वक्त तक इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री रहीं, लेकिन गरीबी के स्तर पर कोई सुधार नहीं देखने को मिला। इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी और फिर मनमोहन सरकार तक गरीबी हटाओ के नारे के साथ सिर्फ चुनाव ही जीतती रही हैं। गरीबों के उत्थान और उनके कल्याण के लिए कांग्रेस सरकारों ने कभी गंभीरता के साथ कोई कार्यक्रम नहीं चलाए. यही वजह है कि कांग्रेस सरकारों के दौरान देश के करोड़ों लोग गरीबी और महंगाई के कुचक्र में फंसे रहे। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभालने के बाद देश के गरीबों के कल्याण के लिए काम करना शुरू कर दिया। सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सीधे गरीबों तक पहुंचाया। उनकी कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं ने गरीबों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

# भाजपा का घोषणा पत्र आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प

रोहित माहेश्वरी

> "हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने-पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों में केंद्र में रखें। घोषणापत्र जारी होने पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं"

**भारतीय** जनता पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों की रीति-नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। इस घोषणा पत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वायदे किए हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर मोदी की गारंटी का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने



वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वादों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा।

प्रधानमंत्री ने बताया है कि आगामी 5 साल तीन तरह के बुनियादी ढांचे पर फोकस किया जाएगा-सोशल, डिजिटल और फिजिकल। सोशल में नए संस्थान, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक चालकों के लिए राजमार्गों पर आरामगाह बनाए जाएंगे। डिजिटल में 5-जी विस्तार और 6-जी पर काम, इंडस्ट्री के लिए 4.0 आधारभूत ढांचे पर काम किया जाएगा। फिजिकल में राजमार्ग, रेलवे, एयरवे, वाटरवे आदि को आधुनिकतम बनाएंगे। संकल्प-पत्र के 78 पन्नों में 24 गारंटियों के साथ 292 वादे किए गए हैं। ऐसा नहीं है कि महंगाई, बेरोजगारी आदि का उल्लेख ही नहीं है। दरअसल मोदी सरकार के 10 सालों में ये दोनों मुद्दे नियंत्रण में रखने की कोशिशें हुई हैं। चूंकि भारत उत्पादन और विनिर्माण का हब बनता जा रहा है, लिहाजा रोजगार भी पैदा हुए हैं। सरकारी नौकरी सभी के लिए संभव नहीं है, लेकिन सुखद है कि मुद्रास्फीति 5-6 फीसदी के दायरे में रही है। ऐसा भी दौर भारत ने देखा है, जब मुद्रास्फीति 24-26 फीसदी या 12-14 फीसदी होती थी। फिर भी देश को सब कुछ नए जनादेश पर छोड़ देना चाहिए। रोजगार के मामले में देखें, तो कांग्रेस ने पांच लाख सरकारी नौकरियां देने की बात कही है। उधर लालू के दल ने एक करोड़ सरकारी नौकरियों की बात कही है, लेकिन भाजपा इस मामले में चुप दिखती है। राजनीतिक विषलेषकों के अनुसार भाजपा का चुनावी घोषणा-पत्र एक राजनीतिक दस्तावेज होने के बजाय प्रशासनिक कार्यक्रम का रोड मैप अधिक लगता है, ताकि देश स्थिर और सशक्त बना रहे। चूंकि प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर काफी आश्वस्त हैं, लिहाजा मौजूदा योजनाओं के विस्तार घोषित किए गए हैं। इसके अलावा ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन के लिए बड़े कन्वेंशन सेंटर के दायरे को बढ़ाने, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक सेवी सुरक्षा बल, नये आईआईटी, नये एम्स, वन नेशन वन स्टूडेंट, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, टेक्नोलॉजी के जरिए सुलभ शिक्षा के प्रति मुख्यमंत्री ने वचनबद्धता को दोहराया। साथ ही उन्होंने बताया कि 2036 में ओलंपिक की मेजबानी, नये स्टेडियम बनाने, अत्याधुनिक खेल प्रशिक्षण केंद्र, खेल उपकरणों के मैन्यूफैक्चरिंग, खेल स्टार्टअप को बढ़ावा, साइंस टेक्नोलॉजी के लिए साइंस पार्क, नदियों का संरक्षण और कायाकल्प, नमामी गंगे के दायरे को बढ़ाने, दुनिया में रामायण महोत्सव के आयोजन, देश को फार्मा हब बनाने, एकीकृत सैन्य कमांड सेंटर, साइबर सुरक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ हमारी प्रतिबद्धता को भी यह संकल्प पत्र दोहराता है। बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वादों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वादों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती।हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें। सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिये लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिये ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं। सभी राजनीतिक दलों को देश के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत विविधता की संस्कृति का देश है। सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं। राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिये ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सके। आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है। हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने-पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों में केंद्र में रखें। घोषणापत्र जारी होने पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्ती का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है।

# कविता

## ताली की आस

बहुत दिनों के बाद अपने दोस्त से
मैं जैसे ही मिला,
उनका चेहरा कैक्टस के फूल की तरह खिला,
बोले यार आजकल क्या करते हो,
कभी कभार इधर पांव धरते हो,
अच्छा बता,
आजकल के लोग
उल्टे कार्य ही क्यों करते हैं,
धोखा खाने के बाद भी
नेकी की राहों पर नहीं चलते हैं,
औरों की कमाई पर उछलते मचलते हैं,
और दूसरों की छाती पर ही
क्यों मूंग दलते हैं,
मैं बोला-अरे यार पहले ये बता कि
मुझसे सवाल पूछ रहे हो,
या फिर थोड़ा पानी डाल
आटे के साथ मुझे गूंथ रहे हो,
अरे ये सब तो आजकल का रिवाज है,
पहले ऐसा करना
एक भयंकर रोग माना जाता था
अब तो ये लोगों को भाने वाला
मीठा मीठा प्यारा दाद खाज है,
अरे ये आज का युग है
कुछ भी किया जा सकता है
बस दिल में हौसला जगा,
दोस्त बोला भई इतना आत्मविश्वास
तो ठीक है किसी गंजे के सिर पर
चल बाल उगा के दिखा,
मैं बोला तुम्हारे लिए कुछ भी कर सकता हूं
मगर चल पहले गंजा होके बता

राजेन्द्र लाहिरी

## प्लीज अदला-बदली मत कीजिएगा

वीरेंद्र बहादुर सिंह

**सरिता जब** भी श्रेया को देखती, उसके ईर्ष्या भरे मन में सवाल उठता, एक इसका नसीब है और एक उसका। क्या उसका नसीब उसे नहीं मिल सकता?

सरिता के छोटे से फ्लैट की बालकनी से श्रेया का भव्य बंगला बहुत सुंदर दिखाई देता था। वह जब भी पति के साथ मोटरसाइकिल से निकलती, श्रेया के बंगले की पार्किंग एरिया में खड़ी बीएमडब्ल्यू पर नजर उसकी नजरें चिपक जातीं। अपनी खूबसूरती को निखारने के लिए श्रेया खुले हाथों से पैसे खर्च करती थी। ट्रिम किए बाल, नियमित फेशियल, पेडिक्योर, मेनिक्योर, सब कुछ संपूर्ण। सिर से ले कर पैरों तक सब कुछ व्यवस्थित और सुंदर। जबकि सरिता के मर्यादित बजट में यह सब कहां से हो पाता। उसके बिखरे बाल, उसमें बीच-बीच में सफेद बाल। वह मेहंदी तो लगाती थी, पर कभी समय न मिलता तो काले बालों के बीच सफेद बाल झांकने में बिलकुल पीछे नहीं रहते थे। साग-सब्जी काटते-काटते हाथों की अंगुलियो की चमड़ी खुरदुरी हो गई थी। खुद बर्तन मांजने से नाखूनों का रंग और आकार अजीब हो गया था।

अगर श्रेया के यहां की तरह उसके यहां भी नौकरों की फौज होती तो उसका भी सिर से ले कर पैरों तक अलग ही नक्शा होता। पर उसके भाग्य में तो कुछ और ही था। कहां श्रेया के डिजाइनर कपड़े और कहां उसके साधारण कपड़े, इस्त्री किए कपड़े पहनने का आनंद ही कुछ और होता है, घंटो इस्त्री पकड़ने वाले सरिता के हाथ उससे कहते। रविवार को किसी ठेलिया पर चाट-पकौड़ी या समोसे-कचौड़ी खा कर लौटते हुए सरिता यही सोचते हुए अपार्टमेंट की सीढ़ियां चढ़ रही होती कि बीएमडब्ल्यू में फाइवस्टार होटल की लज्जत ही कुछ और होती है।

श्रेया का शरीर हमेशा सोने और हीरों के गहनों से सजा होता था। समय समय पर वे बदलते रहते थे। जैसे कपड़े, वैसे आभूषण। जबकि सरिता को विवाह के समय जो मंगलसूत्र मिला था, वही एक महत्वपूर्ण गहना था। सोना खरीदने की औकात नहीं थी, इसलिए चांदी पर सोना चढ़वा कर दिल को संतोष मिल जाता था। पर श्रेया को देख कर सरिता के दिल का संतोष लुप्त हो जाता और मन ईश्वर से एक ही सवाल पूछता, श्रेया का भाग्य उसे नहीं मिल सकता क्या?

और अगर मिल जाए तो... तमाम मेघधनुषी सपने आंखों में तैरने लगते। शाम को जब पड़ोस में रहने वाली हिमांशी ने बताया कि सामने वाले बंगले में रहने वाली श्रेया को ब्लड कैंसर है और लास्ट स्टेज में है। तब से सरिता भगवान से यही प्रार्थना कर रही है कि उसके भाग्य में जो है, वही ठीक है। प्लीज अदला-बदली मत कीजिएगा।

# विचार

## लोकतंत्र के यज्ञ की प्रथम आहुति से पहले

राकेश

**अठारहवीं** लोकसभा के लिए 19 अप्रैल 2024 को मतदान का पहला चरण है । आप इसे डूबते,मरते,सिसकते लोकतंत्र के पुनर्जीवन के लिए होने जा रहे महामृत्युंजय यज्ञ की प्रथम आहुति भी कह सकते हैं। दरअसल ये शब्द इसलिए इस्तेमाल कर रहा हूँ ताकि घोर सनातनियों की समझ में भी ये बात आ जाये कि यज्ञ में आहुति आँखें बंद कर नहीं दी जाती,इसके लिए आँखें खोलकर रखना पड़तीं हैं। आँखें बंद कर किया जाने वाला कोई भी काम मनोरथ को पूरा नहीं करता।

पिछले 77 साल में ये दूसरा मौका है जब लोकसभा के चुनाव बेहद विषम परिस्थितियों में हो रहे हैं। 1977 में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं ,लेकिन आज जैसी गंभीर स्थितयां नहीं थीं। तब सत्ताधीशों के मन में तानाशाही का बीज अंकुरित हुआ था । 2024 में ये वटवृक्ष बन गया है। अंकुरित बीज को जनता ने एक झटके में उखाड़ फेंका था लेकिन तानाशाही के वटवृक्ष को उखाड़ने में उसकी दो कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। ये तीसरा और शायद आखरी अवसर है जब जनता तानाशाही को निर्मूल कर लोकतंत्र को निर्जीव होने से बचा सकती है।

देश में जिन जगहों पर 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, वहां चुनाव प्रचार बुधवार थम चुका है किन्तु भीतर ही भीतर मतदाता का अनमोल मत हड़पने की साजिशें जारी हैं। प्रथम चरण में देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर जनता तय करेगी की उसे तानाशाही चाहिए या लोकतंत्र। आजकल चुनाव में प्रचार थमता नहीं ह। प्रचार थमने की औपचारिकता होती ह। नेता देश कि किसी भी कोने में खड़े होकर भाषण दे सकते हैं और उसका असर उन क्षेत्रों में भी होता है जहाँ औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार रोक दिया जाता है। केंचुआ अभी इस बीमारी का तोड़ नहीं खोज पाया है। आप मानें या न मानें किन्तु अठारहवीं लोकसभा का चुनाव किसी समुद्र मंथन से कम नहीं है । सत्ता सुंदरी को हासिल करने के लिए एक तरफ तानाशाही और प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं और दूसरी और लोकतान्त्रिक और समतावादी शक्तियां। सत्ता हासिल करने के लिए सत्तारूढ़ दल की नजर इस बार उत्तर के मुकाबले दक्षिण पर ज्यादा है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को मैदान है। भाजपा इस लोकसभा चुनाव में एनडीए के लिए 400 सीट और पार्टी के लिए 350 सीट जीतने के लिए संघर्षरत है । इसीलिए भाजपा ने दक्षिण के राज्यों में विशेषकर तमिलनाडु में एड़ी- चोटी का जोर लगा दिया है।

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई खुद कोयंबटूर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।अन्नामलाई भाजपा के लिए कितनी मलाई ला पाएंगे ये ४ जून को पता चलेगा। पहले चरण के लिए होने वाले मतदान में केंद्रीय मंत्री एल मुरगन ,कांग्रेस के पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम के बेटे कीर्ति चिदंबरम,एआईएमआईएम के जेवियर दास ,तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल टी सौंदर्यराजन और यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे ए राजा का भविष्य तय होना है।

देश को सबसे ज्यादा संसद देने वाले उत्तर प्रदेश में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जीत के लिए मैदान में हैं इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने हरेंद्र मलिक तो बसपा ने दारा प्रजापति को चुनावी मैदान में उतारा है। नगीना सीट से भीम आर्मी चीफ और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी चुनावी मैदान में है। पूर्व के सबसे महत्वपूर्ण राज्य असम के डिब्रूगढ़ सीट से केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में है। इससे पहले इस सीट से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली सांसद थे। उनका टिकट काटकर सोनोवाल को दिया गया है. पांच साल पहले खंड-खंड किये गए जम्मू और कश्मीर की उधमपुर सीट से दो बार चुनाव जीतकर मोदी मंत्रिमंडल में जगह बनाने वाले सांसद जितेंद्र सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। राजस्थान की अलवर सीट से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।, बीकानेर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल के सामने कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल चुनावी मैदान में हैं। मन मारकर राजनीति कर रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के चुनावी मैदान में है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## क्या कांग्रेस को लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिले

आर.के. सिन्हा

**लोकसभा** चुनाव का सारे देश में माहौल बन चुका है और इस दौरान एक बात पर राजनीति की गहरी समझ रखने वाले ज्ञानियों को गौर करना होगा कि कांग्रेस लगभग 330 सीटों पर ही क्यों चुनाव लड़ रही है। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में सरकार बनाने का ख्वाब देखनी वाली कांग्रेस के इतने कम सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ी करने की क्या वजह है? क्या उसे कायदे के उम्मीदवार नहीं मिले ? कांग्रेस ने 1999 के लोकसभा चुनाव में 529 उम्मीदवार उतारे थे। उसके बाद 1998 में 477,1999 में 453, 2004 में 417, 2009 में 440, 2014 में 464 और 2029 में 421 उम्मीद उतारे। इस बार कांग्रेस के उम्मीदवारों की तादाद में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में भारी गिरावट होने जा रही है। कांग्रेस के नेता लाख तर्क दें कि उनकी पार्टी क्यों कम सीटों पर उम्मीदवारों को उतार रही है, पर सच यही है कि सन 2014 के बाद देश में नरेन्द्र मोदी के उदय के साथ ही कांग्रेस का संध्याकाल शुरू हो गया था। बीते दसेक सालों के दौरान, कांग्रेस उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र वगैरह में तेजी से सिकुड़ी है। इन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 40 फीसद के आसपास सीटें हैं। जिस राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को कांग्रेस अपना शिखर नेता मानती है वे भी अपनी पार्टी का भाग्य नहीं बदल पा रहे हैं। 1989 से कांग्रेस उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर है। वहां उसके अंतिम मुख्यमंत्री वीर बाहदुर सिंह थे। यह वही उत्तर प्रदेश है जो कि कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था और नेहरू परिवार का निवास भी क आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश 17 सीटों पर लड़ रही है। अगर अब भी कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं ने नेहरू-गांधी परिवार की गुलामी नहीं छोड़ी तो उनकी पार्टी जल्दी ही इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगी। राहुल और प्रियंका गांधी को जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। इनके आशीर्वाद से जेएनयू के टुकड़े झटुकड़े गैंग के नेता कन्हैया कुमार की कांग्रेस में एंट्री हुई थी। अब उसे कांग्रेस ने राजधानी की नॉर्थ ईस्ट सीट से अपना उम्मीदवार बना दिया है। यह वही कन्हैया कुमार हैं जो कहते रहे हैं कि भारतीय सेना के जवानों ने कश्मीर में बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य किए हैं।

## सोना खराहै कि खोटा

**हम सभी** भारतीय हैं और भारतीयों का सोने के प्रति अतिरिक्त मोह अभी अभी पैदा नहीं हुआ है। यह सदियों सदियों से भारतीयों में रहा है और रहेगा। जी हां, हम सोने की (गोल्ड) बात कर रहे हैं, नींद वाले सोने की नहीं। हाल ही में अप्रैल में ही गोल्ड साढ़े तिहत्तर हजार प्रति तौला के हिसाब से आलटाइम हाई रेट पर बिका। खैर जो भी हो, अलग-अलग लोगों के लिए सोने का मतलब भी अलग-अलग है। मसलन महिलाओं के लिए सोने का मतलब गोल्ड से है। लोहे का काम करने वालों के लिए लोहा ही सोना है। सब्जी वाले के लिए सब्जियां, कपड़े का व्यापार करने वालों के लिए कपड़ा, किसानों के लिए खेतों में पैदा होने वाली सारी फसलें, मजदूर के लिए मजदूरी, विद्यार्थी के लिए परीक्षा परिणाम और नेताओं के लिए वोटर्स ही सोना हैं। हमारे जैसे लेखकों के लिए लिखना ही सोना है और सोने( नींद लेने वालों) वालों के लिए सोना( नींद लेना) ही सोना है। कुल मिलाकर सोने की कहानी बड़ी अजब-गजब है। अब कोई कच्चे तेल को काला सोना कहते हैं तो किसान कोटन को सफेद सोना कहते हैं।

वैसे चाय हरा सोना कहलाती है तो केसर लाल सोना। सोयाबीन पीला सोना कहलाती है तो पानी नीला सोना कहलाता है। शैवाल की खेती को हरा सोना कहा जाता है तो नीलगिरी और देवदार के पेड़ों को ब्राऊन सोना कहा जाता है। वैसे तंबाकू को भी ब्राऊन सोना कहा जाता है। अब आप ही बताइए कोई बालीवुड में हीरोइनों के बालों को सोना कहता है तो कभी आशा भौंसले और मोहम्मद रफी जी इस सोना को लेकर गुनगुनाते हैं -ओ मेरे सोना रे सोना रे...। अब कोई सिगरेट के नाम के आगे गोल्ड लगाता है तो कोई मेडल के आगे। कोई सोने को खरा कहते हैं तो कोई खोटा।

बहरहाल, सच बात तो यह है कि सोना आदमीजात को हमेशा हमेशा से कंफ्यूज करता आया है। और आपको तो पता ही है कि कन्फ्यूज्ड आदमी को कभी भी नींद नहीं आती है। मतलब कि उसे सोना नसीब नहीं हो सकता है। वैसे गोल्ड वाला सोना आदमी की नींद उड़ाता है तो सोने वाला (नींद वाला) सोना आदमी को सुकून देता है। एक सोने( गोल्ड) को लोकर में रखना पड़ता है तो दूसरा सोना (नींद) जब आदमी के पास होता है तो घोड़े बेचकर सोता है।

## न्यूज फ्लैश

### नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 24 अप्रैल 2024 से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव लॉन्च करेगा

**हिसार।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई), जो वर्ष 2023 में कारोबार किए गए अनुबंधों के आधार पर दुनिया का नंबर 1 डेरिवेटिव एक्सचेंज है, को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव के लिए मंजूरी मिल गई है। इन अनुबंधों को 24 अप्रैल, 2024 से लॉन्च किया जाएगा।

एक्सचेंज 3 सिलसिलेवार मासिक सूचकांक वायदा और सूचकांक विकल्प अनुबंध चक्र की पेशकश करेगा। कैश सैटल्ड डेरिवेटिव कॉन्ट्रेक्ट समाप्ति माह के अंतिम शुक्रवार को समाप्त हो जाएंगे। निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स निफ्टी 50 कंपनियों को छोड़कर निफ्टी 100 से 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। मार्च 2024 तक, सूचकांक में वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व 23.76 प्रतिशत के साथ शीर्ष क्षेत्र में था, इसके बाद 11.91 प्रतिशत के साथ पूंजीगत सामान क्षेत्र और 11.57 प्रतिशत के साथ उपभोक्ता सेवाओं का नंबर आता है। सूचकांक 1 जनवरी, 1997 को पेश किया गया था, जिसकी आधार तिथि और आधार मूल्य क्रमशः 03 नवंबर, 1996 और 1000 था। पिछले कुछ वर्षों में, सूचकांक पद्धति में संशोधन हुआ है। सूचकांक गणना पद्धति को 4 मई 2009 से फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन भारित पद्धति में संशोधित किया गया था। इसके बाद, उन घटक शेयरों के लिए वेट कैपिंग शुरू की गई थी, जिन पर डेरिवेटिव उपलब्ध नहीं थे। इसे 2023 में संशोधित कर नॉन-एफएंडओ शेयरों के संचयी भार को 10 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया था और सूचकांक में नॉन-एफएंडओ शेयरों को तिमाही पुनर्संतुलन तिथियों पर प्रत्येक को 4.5 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया था। सूचकांक घटकों का बाजार पूंजीकरण 70 ट्रिलियन रुपए है, जो 29 मार्च, 2024 को एनएसई पर सूचीबद्ध शेयरों की कुल बाजार पूंजी का लगभग 18 प्रतिशत है। सूचकांक घटकों का कुल दैनिक औसत कारोबार 9,560 करोड़ रुपए है, जो वित्तीय वर्ष 2024 में नकदी बाजार के कारोबार का लगभग 12 प्रतिशत है। निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स का निफ्टी 50 इंडेक्स के साथ 71 प्रतिशत पारस्परिक संबंध और बीटा वैल्यू 0.95 है। वित्तीय वर्ष 2024 में निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स के साथ इसका 90 प्रतिशत का पारस्परिक संबंध है।

### नेक्सस सिलेक्ट मॉल्स ने की पर्पल वीकएंड की शुरूआत

**अमृतसर:** गर्मियों की छुट्टियों के आगमन पर शॉपर्स के लिये शॉपिंग एक्सपीरेंस को यादगार बनाने की कड़ी में नेक्सस सिलेक्ट मॉल्स के अंतर्गत नेक्सस अमृतसर में पर्पल वीकऐंड की शुरूआत हुई है। 19 अप्रैल से 21 अप्रैल की अवधि के दौरान मॉल में विशेष ऑफर्स, यादगार मनोरंजन और अद्भुत शॉपिंग का अनुभव देखने को मिलेगा। वीकऐंड के दौरान फैशन, फूड, बैवरेजिस, इलेक्ट्रोनिक्स, मूविज और हाईप मार्केट उत्पादों पर व्यापक डिस्काउंट्स, डील्स और ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है। इस अवधि में एट होम, न्यूमरो यूनो, शूज ट्री, स्पोर्ट्स स्टेशन, मिनिसो, लावी, मार्क एंड स्पेंसर, एसेसरीज पर पचास फीसदी, आल्डो, पर चालीस जबकि फॉरएवर फ्लैट 799 और रूसो ब्रूनेल्लो पर पच्चीस फीसदी सहित अन्य उत्पादों पर भी बेहतरीन डिस्काउंट दिया जा रहा है। मॉल का उद्देश्य अपने ग्राहकों को सुखद शॉपिंग का अनुभव प्रदान करवाना है।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने इंटरऑपरेबल ईको-फ्रेंडली एनसीएमसी इनेबल्ड डेबिट और प्रि-पेड कार्ड लॉन्च किए

**हिसार : एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने आज अपने ईको-फ्रेंडली एनसीएमसी (नेशनल कॉमन मो**बिलिटी कार्ड्स) इनेबल्ड डेबिट और प्रि-पेड कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। रुपे द्वारा पॉवर्ड ये इंटरऑपरेबल कार्ड लॉन्च करने के लिए बैंक ने नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई ) के साथ साझेदारी की है। ये कार्ड भारत के वन नेशन, वन कार्ड के उद्देश्य की ओर बैंक की प्रतिबद्धता के अंतर्गत लॉन्च किए गए हैं। बैंक ने अपने बचत खाते के ग्राहकों के लिए एनसीएमसी इनेबल्ड डेबिट कार्ड और वॉलेट के ग्राहकों के लिए एनसीएमसी इनेबल्ड प्रि-पेड कार्ड पेश किए हैं। ये दोनों कार्ड पर्यावरण-अनुकूल ई-पीवीसी सामग्री से बनाए जा रहे हैं, जोअपनी पर्यावरणीय स्थिरता के लिए प्रमाणित है। ग्राहक देश में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, ऑनलाईन (ई-कॉमर्स) और मेट्रो, बस, पार्किंग आदि के लिए ऑफलाईन एनसीएमसी ट्रांजिट विनिमय में सुरक्षित और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट करने के लिए इनमें से किसी भी कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मेट्रो स्टेशनों पर, यात्रियों को कतार में लगने और टिकट खरीदने की परेशानी के बिना गेट पर टैप करके भुगतान करना होगा। इन कार्ड्स पर परिवहन ऑपरेटर द्वारा दी जाने वाली रियायत और मासिक पास भी मिल सकेंगे, इसलिए विभिन्न परिवहन ऑपरेटर्स के लिए अलग-अलग कार्ड संभालने की दिक्कत भी दूर हो जाएगी।

# 'जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए मिलकर काम करें सरकारी विभाग'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एसडीएम अनुभव** मेहता ने कहा कि जिले को पूरी तरह मलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी सरकारी विभाग मिलकर कार्य करें। विभाग अपने स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को साफ.सफाई व जिन भी स्थानों पर पानी इक्ट्ठा होता है, वहां विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभागए शहरी स्थानीय विभाग और पंचायत विभाग अपने-अपने क्षेत्र में फॉगिंग करवाएं। एसडीएम वीरवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने डीडीपीओ और सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि उनकी टीम गांवों में जाकर समय-समय पर जांच करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष मलेरिया



के केस में निरंतर कमी आ रही है। मलेरिया को कंट्रोल करने के लिए हमें और बेहतर प्रयास करने हैं और जिले को मलेरिया मुक्त बनाना है। उन्होंने शहरी स्थानीय विभाग को निर्देश दिए कि जहां-जहां कचरा फेंका जा रहा है, वहां पर विशेष ध्यान दिया जाए, यदि कोई जल भराव की स्थिति है तो उसकी साफ. सफाई समय पर करवाई जाए, ताकि मच्छर न पनप सकें।

**फॉगिंग मशीनों की हो जांच, लीकेज पानी के पाइप की हो मरम्मत** हैल्थ, शहरी स्थानीय और पंचायत विभाग अपनी सभी फॉगिंग मशीनों की जांच करें, यदि किसी मशीन में कोई कमी है तो उसकी समय पर मरम्मत करवाई जाए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए की शहर में जहां-जहां पाईप व टैप आदि से पानी की लीकेज की समस्या है, उसे दुरुस्त किया जाए। इसके साथ-साथ पब्लिक टॉयलेट की साफ. सफाई का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों के आसपास पानी इक्ट्ठा न होने दें। इसके अतिरिक्त स्कूल में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाई जाए। परिवहन विभाग वर्कशॉप आदि में पुराने टायरों व सामान आदि में पानी इक्ट्ठा न होने दें, ताकि मलेरिया का मच्छर न पैदा हो सके। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया के प्रभाव को कम करने और आमजन की जिंदगी को मलेरिया से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा लोगों को साफ. सफाई के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया एक घातक बीमारी है, यह गंदगी और कई दिनों तक इक्ट्ठा हुए पानी में पैदा हुए मच्छरों से फैलती है। यदि सभी लोग अपने आसपास सफाई रखेंगे तो मलेरिया के पनपने के कम अवसर होंगे।

# जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला कारागार** में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 4 अंडर ट्रायल केसों का चयन किया गया, जिसमें से एक अंडरगोन किया गया। सुश्री जसबीर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा।

## सुमन सैनी आज करनाल में करेंगी वोट की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को करनाल में कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि सुमन सैनी सबसे पहले गांव काछवा में पहुंचेंगी और केंद्र व प्रदेश में सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगी और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करेंगी। काछवा में जहां डा. अरूण शर्मा के निवास पर सुबह 11 बजे, काछवा के सरपंच दीपक कुमार के निवास स्थान पर सुबह 11.50 बजे कलामपुरा गांव में हरपाल कलामपुरा के निवास पर 12.40 पर पहुंचेंगी।

# नए बस स्टैंड रोड से अवैध खोखो व रेहड़ियों को हटाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर की मुख्य** सडकों से अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर नगर निगम की सफाई शाखा के प्रवर्तन दल द्वारा गुरूवार को पुनः अभियान चलाया गया। इस दौरान पुरानी सब्जी मंडी स्थल पर लगी करीब दो दर्जन रेहडि?ों को कर्ण (मुगल) कैनाल स्थित अस्थाई मंडी भेजा गया। इसके अतिरिक्त सब्जी मंडी रोड पर खड़ी रेहडि?ों को भी अस्थाई मंडी में भेजा गया तथा सभी रेहड़ी संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि इस स्थान पर कोई रेहड़ी नहीं लगाई जाएगी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने कार्रवाई की जानकारी देते बताया कि निगम की ओर से पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में



लगने वाली तमाम रेहडि?ों को कर्ण कैनाल स्थित अस्थाई मंडी में शिफ्ट करवाया गया था, परंतु फिर भी कुछ रेहड़ी संचालक दोबारा इस स्थान पर अपनी रेहडि?ों को लगा रहे थे, जिसे लेकर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सभी रेहड़ी संचालकों को चेताया गया है कि दोबारा पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में रेहड़ी लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन दल रोजाना यहां का दौरा करेगा। अगर कोई रेहड़ी दोबारा लगी मिली, तो उसे सामान सहित कब्जे में लिया जाएगा और जुमार्ना भी लगाया जाएगा, जो 500 रुपये से 5 हजार रुपये तक का हो सकता है। इसके अतिरिक्त प्रवर्तन दल ने बलड़ी बाईपास चौक से इन्द्री रोड स्थित नए बस स्टैण्ड को जाने वाले रास्ते पर अवैध रूप से लगाए गए खोखे और रेहडियों को भी हटाया। इस दौरान करीब 35 खोखे व रेहडियों को हटाया गया है। कार्रवाई के दौरान सभी को चेतावनी दी गई है कि कोई भी दोबारा इस स्थान पर खोखा या रेहड़ी इत्यादि को लगाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निगमायुक्त ने सभी रेहड़ी संचालकों से पुनः अपील की है कि वे शहर में यातायात व सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि वे अपनी मनमर्जी से कहीं भी सडक पर रेहड़ी या खोखा इत्यादि न लगाएं, जिससे यातायात बाधित हो।

## उत्तराखंड की मांग कर रहे निहत्थे युवाओं पर कांग्रेस ने चलवाई थी गोलियाँ: शाह

**चंडीगढ़: केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। एक-एक दिन में दो से तीन राज्यों में जनसभाएँ और रोड शो करना पार्टी के प्रति उनकी सोच को दशार्ता है। देव भूमि उत्तराखंड के कोटद्वार में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने अतीत की याद दिलाई कि, जब उत्तराखंड की मांग की जा रही थी, तब कांग्रेस की सरकार ने निहत्थे युवाओं पर गोलियाँ चलवाई थी। देश जानता है कि उत्तराखंड की मांग के वक्त विपक्षियों ने इसका विरोध किया था और युवाओं पर गोली-बारी की थी। तमाम विरोध के बावजूद अटल जी ने उत्तराखंड की रचना की और अब मोदी जी उत्तराखंड को सँवार रहे हैं। उत्तराखंड से पलायन को रोकने के लिए आज पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से उत्तराखंड में सड़क, रेल, परिवहन और एयरपोर्ट का विकास किया जा रहा है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को उत्तराखंड के हर गाँव में पहुँचाया जा रहा है। दूरदर्शी प्रधानमंत्री मोदी जी उत्तरखंड के मिलेट्स को विश्वप्रसिद्ध बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मोदी सरकार गारंटी दे रही है कि पाँच साल के अंदर चीन की सीमा से सटा हुआ एक-एक गाँव 1980 से ज्यादा आबादी वाला होगा।

# तीसरी बार भी रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर बनेगी मोदी सरकार: हरविंद्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लोकसभा संयोजक** एवं घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार भी रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी जीत मनोहर लाल की होगी। मनोहर लाल ने हरियाणा प्रदेश के विकास में कोई



कसर नहीं छोड़ी। अब नायब सैनी प्रदेश के विकास को गति दे रहे हैं। भारत ने पिछले 10 सालों में जिस गति से तरक्की की है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद और भी ऐतिहासिक कार्य होंगे। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि देश के जनता नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को साकार करेगी और उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाएगी। केवल भाजपा ही जनता के विश्वास पर खरा उतरी है। जनता जान चुकी है कि जो निर्णय मोदी ले सकते हैं, वह कोई नहीं ले सकता।

# भाजपा ने दोगुनी की आय : अमरनाथ सौदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा कर्मचारी** चयन आयोग के पूर्व सदस्य एवं भाजपा नेता अमरनाथ सौदा ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति जनहितैषी है। भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है, लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक मिले।

अमरनाथ सौदा भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। देश और प्रदेश में जिस गति से जनता के काम हुए हैं वह पिछले दशकों से रूके पड़े थे। भाजपा सरकार ने जनता की वर्षो पुरानी समस्याओं को जड़ से समाप्त किया है।

# निशु त्यागी का शाश्वत चेतना स्कूल ने किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: यूपीएसई परीक्षा में** 752वां रैंक हासिल करने वाली निशु त्यागी का शाश्वत चेतना स्कूल के स्टाफ ने सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक दर्शन शर्मा व प्राचार्या डिंपल, उपप्राचार्य सिद्धार्थ शर्मा, डा. प्रीति शर्मा, प्रज्ञ-ाश्री, विकास वर्मा, सत्यवान, अखीला शर्मा ने निशु त्यागी को आशीर्वाद व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक दर्शन शर्मा व प्राचार्या डिंपल शर्मा ने कहा कि निशु त्यागी स्कूल की होनहार छात्रा रही। निशु त्यागी स्कूल की हर तरह की गतिविधियों व



प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर उच्च स्थान प्राप्त करती थी। स्कूल को निशु त्यागी पर भरोसा था कि वह एक दिन अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन करेगी। विद्यालय को अपनी इस होनहार छात्रा पर गर्व है। दूसरे छात्रों को भी निशु त्यागी से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने माता-पिता के सानिध्य में अपने सपने पूरे करने का प्रयत्न करते हुए बड़े अधिकारी बन कर देश की सेवा करनी चाहिए।

# स्कूल से बच्चे को छोड़कर लौट रहे युवक की गोलियां मारकर हत्या

**सनसनी**

**8 हमलावरों ने युवक के चाचा पर भी गोलियां बरसाई तो उन्होंने गली में भागकर जान बचाई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मोहाना थाना क्षेत्र** के गांव मोहाना में सात माह पहले हुई हत्या की रंजिश में युवक की सात गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने युवक के चाचा पर भी गोलियां बरसाई तो उन्होंने गली में भागकर जान बचाई। युवक चाचा के साथ अपने बेटे को स्कूल में छोड़ने के बाद वापस घर लौट रहे थे। पुलिस ने युवक के चाचा के बयान पर 13 नामजद समेत अन्य के खिलाफ हत्या, हत्या की कोशिश, षड्यंत्र रचने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। नागरिक अस्पताल में फॉरसेसिंक चिकित्सक न होने के चलते शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में रेफर कर दिया। जहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस टीमे हमलावरों की तलाश कर रही है। गांव मोहाना निवासी रोहताश ने बताया कि वीरवार सुबह करीब आठ उनका भतीजा रवि (30) अपने करीब पांच साल के बेटे को स्कूल छोड़ने जा रहा था। वह भी उनके साथ स्कूल की तरफ चले गए। जब वह तथा रवि बच्चे को स्कूल छोडकर घर आ रहे थे तो निमाणार्धीन मंदिर के पास पहुंचते ही बाइक पर सवार तीन युवक उनके पास पहुंचे। उन्होंने बाइक सवार गांव के ही टिंकू को पहचान लिया। इस पर तीनों ने पिस्तौल निकालकर उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अचानक गोली चलने पर वह पास ही गली में भाग गए। इस दौरान हमलावरों ने करीब आठ राउंड गोली चलाई और सात गोली मारकर उनके भतीजे रवि की हत्या कर दी। हमलावरों ने धमकी दी कि आनंद की हत्या का बदला तुम्हारे सारे खानदान को खत्म कर लेंगे, अभी तो एक ही मारा। उसके बाद वह भाग गए। सरेआम युवक की हत्या से गांव में सनसनी फेल गई। सूचना के बाद मोहाना थाना प्रभारी अरुण कुमार और गोहाना सीआईए की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच की और पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां शव का एक्स-रे कराया गया। जिसके बाद शव को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के लिए खानपुर रेफर कर दिया। जहां शव का पोस्टमार्टम कराया जा सका। रवि गुहणा रोड स्थित बीज कंपनी में नौकरी कर परिवार का गुजर-बसर कर रहे था।

**मृतक के चाचा के बयान पर 13 के खिलाफ मुकदमा दर्ज-**

रोहताश का आरोप है कि उन पर जानलेवा हमला व उनके भतीजे की हत्या का षड्यंत्र गांव के ही नवीन, सावन, दीपांशु, अनिल, आर्यन, देवेंद्र, साहिल, कृष्ण, बलबीर, काला, टोला व लवीश ने रचा है। उन्होंने टिंकू व अन्य से वारदात को अंजाम दिलवाया है। जिस पर पुलिस ने 13 नामजद समेत अन्य के खिलाफ हत्या व हत्या की कोशिश, षड्यंत्र रचने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। रोहताश ने बताया कि उनके बड़े भाई कृष्ण की मौत हो चुकी है। कृष्ण के पास बेटा रवि व दीपक है। रवि की हमलावरों ने हत्या कर दी है। उनका छोटा भतीजा दीपक गांव में 27 सितंबर, 2023 की रात को हुई आनंद की हत्या में नामजद है और जेल में बंद है। आनंद (32) गांव के वृद्धाश्रम के पास साइकिल का खेल देखने के लिए गया था।

# साइबर थाना पुलिस ने फर्जी गिरोह का किया पर्दाफाश

**जनसभा**

**8 गिरफ्तार आरोपित खुद को पुलिस व आयकर अधिकारी बताकर ठगी करते थे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : थाना साइबर सोनीपत** पुलिस ने ऑनलाइन तरीके से लोगों के साथ ठगी करने के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित खुद को पुलिस व आयकर अधिकारी बताकर ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-12 निवासी सुदीप ने 6 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसके पास 5 मार्च को रात रीब 9.18 बजे कॉल आई। कॉलर ने खुद को डिलीवरी कर्मचारी के रुप में गवाही देने के लिए कहा। उसे बताया कि उसके आधार कार्ड पर एक पार्सल है। जिसमें अवैध वस्तुएं है। जोकि मुंबई में जब्त की गई। उसने पार्सल के बारे में अवगत करवाया। उसके बाद मुंबई से सीधे साइबर पुलिस हेल्पलाइन से जोड़ा, उसके बाद गार्ड नंबर का दुरूपयोग करने की शिकायत दी। उसके बाद कॉल कट गई। कुछ देर बाद दोबारा से कॉल आई। उसने कहा कि वह साइबर सेल मुंबई से है उन्होंने मुझे ऑनलाइन ऑडियो और वीडियो कॉल के लिए स्काइप से कनेक्ट करने के लिए कहा। मैंने उस पर विश्वास किया और स्काइप पर स्काइप आईडी से उसके साथ ऑडियो और वीडियो कॉल कनेक्ट की। पूरे समय वे केवल ऑडियो पर थे और जब उसने अपना वीडियो बंद किया, तो मुझसे बार-बार अपना वीडियो चालू करने के लिए कहते है। उन्होंने मुझे बताया कि आपके आधार कार्ड से छेड़छाड़ की गई है और आपके मुंबई में तीन और खाते हैं, इसलिए आप पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला होने वाला है। मैंने उनसे कहा कि मैं अपने पूरे जीवन में कभी मुंबई नहीं गया। फिर उन्होंने मुझे कानूनों के कुछ लिखित लेख और वहां कार्यालय आईडी की तस्वीर के साथ एक नकली दस्तावेज फाइल दी। प्रकाश कुमार गुंटू और डीसीपी बालसिंह राजपूत के नाम के साथ और मुझे अपना बैंक बैलेंस विवरण देने और इस मामले की एफआईआर में मुझे रिहा करने के लिए मजबूर किया। विवरण प्रदान करने के बाद, धोखेबाजों ने मुझसे रुपये की राशि स्थानांतरित करने के लिए कहा। केवल बैंक शाखा में जाकर केवल आरटीजीएस चेक के माध्यम से। उन्होंने खुद को सरकारी बताकर मुझे ब्लैकमेल किया और परेशान किया। अधिकारियों ने मुझसे कहा कि अगर तुम हमारे निदेशों का पालन नहीं करोगे तो हम तुम्हें गिरफ्तार कर लेंगे और इसलिए मुझे जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मैं निर्दोष हूं और मुझे नहीं पता था कि उस वक्त क्या करना चाहिए और मैं डरी हुई भी थी इसलिए, मैं उनके जाल में फंस गया और बैंक जाकर अपने खाता नंबर से लेनदेन कर दिया। उसने अलग-अलग नंबरों से रुपये भेज दिए। फिर 1930 के माध्यम से साइबर शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई, वहां से मुझे मेरी शिकायत पावती संख्या 31303240013419 मिली। घटना के बाद मुझे पता चला कि जिस खाते में मुझे धमकी देकर और मजबूर करके मेरे पैसे ट्रांसफर किए गए हैं, वह जाली और नकली दस्तावेजों द्वारा तैयार किया गया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना प्रबंधक बसंत कुमार की टीम ने वारदात में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

# आचार संहिता की वजह से सनपेड़ा रोड की रिपेयरिंग का कार्य अटका

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: सनपेड़ा रोड की** रिपेयरिंग का कार्य आदर्श आचार संहिता की वजह से अटक गया है। जीटी रोड से रामनगर वाया सनपेड़ा सड़क मार्ग पर 3 करोड़ 30 लाख रुपये खर्च किए जाने है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क की रिपेयरिंग का टेंडर भी लगा दिया गया था। टेंडर 28 मार्च को खोला जाना था, लेकिन आदर्श आचार संहिता लग जाने की वजह से टेंडर खोला नहीं जा सका। अब टेंडर आचार संहिता के हटने के बाद खोला जाएगा, जिसके बाद सड़कों की रिपेयरिंग का काम



शुरू किया जाएगा। सड़क रिपेयरिंग का काम अटक जाने के कारण ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि जीटी रोड से लेकर गांव सनपेड़ा व रामनगर तक की करीब 6 किलोमीटर सड़क की हालत बहुत ही जर्जर है। कई जगह पर तो तीन-चार फुट गहरे गड्ढे हैं, जिस कारण सड़क मार्ग पर वाहन चालकों को वहां से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# केजरीवाल की जेल में हत्या कराने की साजिश: आप

## ईडी के बयान पर मंत्री आतिशी ने लगाए गंभीर आरोप

**आरोप**

8 जेल में केजरीवाल को वही खाना दिया जा रहा है, जो डाइट चार्ट कोर्ट में जमा किया गया है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की एक याचिका पर ईडी ने अपना जवाब दिया। इसमें ईडी ने कहा कि केजरीवाल जेल में आम और मिठाई खा रहे हैं ताकि केजरीवाल स्वास्थ्य आधार पर जमानत मांग सके। वहीं इस बयान पर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने अपना जवाब दिया है।

आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा के कहे के मुताबिक काम कर रहे ईडी ने अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर लगातार झूठ बोला। दरअसल, जेल में केजरीवाल को वही खाना दिया जा रहा है, जो डाइट चार्ट कोर्ट में जमा किया गया है।

उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत, अरविंद केजरीवाल की हत्या कराने की कोशिश की जा रही है।

**केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दिया जा रहा: आतिशी**

उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले चाहते हैं कि किसी भी तरह से उनका घर का खाना बंद कराया जाए और फिर उन्हें जेल का ही खाना खिलाकर उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जाए।

पिछले कई दिनों से केजरीवाल का शुगर लेवल 300 पार जा रहा है। वह जेल अधिकारियों से बार-बार इंसुलिन देने की बात कह रहे हैं, लेकिन वे नहीं सुन रहे हैं। भगवान भी आपको माफ नहीं करेगा। हमारे वकीलों का कहना है कि बेशक केजरीवाल को जेल से बाहर नहीं लाया जाए, लेकिन उनके डॉक्टरों की सलाह पर तो उपचार किया ही जाना चाहिए।

**जमानत का आधार बनाने का आरोप** :बता दें, ईडी ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि केजरीवाल जमानत के लिए आधार बनाना चाहते हैं। केजरीवाल हाई ब्लड शुगर का दावा करते हैं, लेकिन वह जेल के अंदर मिठाई और आम खा रहे हैं। इन चीजों की शुगर के मरीज को अनुमति नहीं होती है। डाइट चार्ट कोर्ट के सामने रखा गया है। वहीं, केजरीवाल की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता विवेक जैन ने कहा कि आवेदन वापस लिया जा चुका है और ईडी द्वारा यह बयान मीडिया के लिए दिया जा रहा है।

### सिसोदिया को दिल्ली कोर्ट से फिर झटका



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट से बृहस्पतिवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया को फिर से झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

**20 अप्रैल को जमानत याचिका पर फैसला:** मनीष सिसोदिया ने 12 अप्रैल को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए याचिका दायर की है। इस पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए दोपहर दो? बजे सुनवाई का समय दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सिसोदिया की याचिका पर शराब घोटाले की जांच कर रही दोनों एजेंसियां सीबीआई-ईडी से जवाब मांगा है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को तय की है। दोनों एजेंसियों के जवाब के बाद ही अदालत सिसोदिया की जमानत पर फैसला करेगी।

## समयपुर बादली और जहांगीरपुरी के बीच एक ही लाइन पर मेट्रो चलेगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने बताया कि येलो लाइन पर समयपुर बादली स्टेशन और जहांगीरपुरी स्टेशन के बीच एक ही लाइन पर मेट्रो चलेगी। ऐसा अगले चार महीनों तक के लिए होगा। डीएमआरसी ने बताया कि मेट्रो बृहस्पतिवार (18 अप्रैल) से रात 10 बजे से आखिरी फेरे तक तक चलेगी। इसके बाद सुबह सात बजे तक एक ही लाइन पर चला करेगी। ऐसा मजेंटा लाइन के चौथे चरण के निर्माण कार्य के चलते किया गया है। समयपुर बादली और जहांगीरपुरी स्टेशन के बीच रोहिणी सेक्टर-18,19 स्टेशन और हैदरपुर बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन हैं।

# मेयर-डिप्टी मेयर प्रत्याशियों के नाम फाइनल

**नामांकन**

8 पार्टी के एमसीडी प्रभारी एवं विधायक दुर्गेश पाठक ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एक ओर जहां पूरे देश में लोकसभा चुनाव की बहार है, वहीं दिल्ली में एक अन्य चुनाव भी सुर्खियां बटोर रहा है। दिल्ली में नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होना है जिसके लिए आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। मेयर चुनाव हर साल होता है। इस साल आप से रिजर्व कैटेगरी में देव नगर (करोल बाग) वार्ड के पार्षद महेश खिच्ची मेयर के उम्मीदवार बनाए गए हैं। जबकि उप महापौर के लिए पार्टी ने रविंद्र भारद्वाज उम्मीदवार होंगे, जो अमन विहार (किराड़ी) से पार्षद हैं। पार्टी नेता और मंत्री गोपाल राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इनके नामों की घोषणा करते हुए कहा, जो काम शैली ओबेरॉय ने किया, उसे ये दोनों आगे बढ़ाएंगे।

**गोपाल राय ने भाजपा पर साधा निशाना:** गोपाल राय ने एमसीडी मेयर चुनाव के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करते वक्त एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा। गोपाल राय ने कहा, अरविंद केजरीवाल और आप जब काम की राजनीति करते हैं तो लोगों के मन में उनके लिए जगह बनती है। जबकि भाजपा जनता से दूर होती जाती है। ऐसे में भाजपा ने साजिश का रास्ता अपनाया। शुरूआत सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी और निगम चुनाव में देरी करने से हुई। बाद में झूठे आरोपों में मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल को भी जेल में बंद कर रखा है।

पार्टी के एमसीडी प्रभारी एवं विधायक दुर्गेश पाठक ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा, नगर निगम में एक साल में बहुत कुछ बदला है।

# दिल्ली की बस में बिकिनी गर्ल...वीडियो वायरल!

**मांग**

8 मेट्रो के बाद डीटीसी में भी सामने आया ये मामला, वायरल विडियो पर बंटा सोशल मीडिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो से आए दिन सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक हरकत करते कपल का वीडियो वायरल होते रहते हैं। कई बार लड़कियों को कम कपड़ों में देखा गया है। इससे दिल्ली मेट्रो की काफी आलोचना भी हुई। दिल्ली मेट्रो ने ऐसी हरकत करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। वहीं, अब ऐसी घटना दिल्ली की बस में भी सामने आई है। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है, वह दिल्ली में क्लस्टर बस का बताया जा रहा है। वीडियो में एक महिला अर्धनग्न हालत में बस में चढ़ जाती है। उसके सवार होते ही वहां मौजूद लोग शरमा जाते हैं। उसे देखकर हर कोई चौंक रहा है। इसके बाद धीरे-धीरे वहां बैठे लोग चले जाते हैं और बस खाली हो जाती है। अर्धनग्न लड़की बस में इधर-उधर घूमती रहती है। इसी बीच सामने बैठे किसी शख्स ने घटना का वीडियो बना लिया और इसे सोशल मीडिया पर डालकर वायरल कर दिया। एक्शन इंडिया इस वीडियो की सही होने का दावा नहीं करता।

**वीडियो की पुष्टि नहीं:** वीडियो कलस्टर बस का बताया जा रहा है। हालांकि यह बस किस रूट की थी, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। अंडरगार्मेंट्स पहनकर बस में सवार होने वाली महिला की क्या मंशा थी? डीटीसी की प्रबंध निदेशक शिल्पा शिंदे का कहना है कि यह वीडियो डीटीसी की बस का नहीं है, क्लस्टर बस का है। उन्होंने वीडियो के जांच के आदेश दे दिए हैं। ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह वीडियो सही है या एडिटिड या फेक तो नहीं है।

# आबकारी घोटाला: चरणप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ी

**आदेश**

8 स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया। चरणप्रीत सिंह की ईडी हिरासत खत्म हो रही थी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले के मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार चरणप्रीत सिंह को 23 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया। आज चरणप्रीत सिंह की ईडी हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया था। पेशी के बाद ईडी ने कोर्ट से कहा कि फिलहाल उसे चरणप्रीत से पूछताछ की जरूरत नहीं है, उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाए। ईडी ने चरणप्रीत को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने 13 अप्रैल को चरणप्रीत को आज तक की ईडी में हिरासत में भेजा था। चरणप्रीत को मई 2023 में इस मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। बाद में उसे जमानत मिल गई थी। सीबीआई ने दूसरी पूरक चार्जशीट में चरणप्रीत सिंह को आरोपित बनाया था। सीबीआई की दूसरी पूरक चार्जशीट पर कोर्ट ने 10 अगस्त 2023 को संज्ञान लिया था। चरणप्रीत पर आरोप है कि उसने 2022 में गोवा के विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रचार के लिए नकद पैसे का इंतजाम किया था।

# 'केजरीवाल की नानी की कहानी' बीजेपी ने जारी किया विडियो

**कटघरे में**


8 पुराना वीडियो एक्स व अन्य इंटरनेट मंच पर पोस्ट कर आम आदमी पार्टी को कटघरे में खड़ा कर रही है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अयोध्या में श्री राम मंदिर का उद्घाटन के बाद आम आदमी पार्टी भी जनता से जुड़ने के लिए राम के नाम का सहारा ले रही है। इसके लिए अरविंद केजरीवाल सरकार ने राम राज्य के थीम पर आधारित बजट पेश किया था। उसके बाद अपने चुनाव प्रचार अभियान के लिए वेबसाइट का नाम भी आप का रामराज्य रखा है। भाजपा इसका विरोध कर रही है। उसका कहना है कि राम मंदिर व सनातन धर्म का विरोध करने वाली आम आदमी पार्टी अब राजनीति के लिए राम का नाम बदनाम कर रही है। भाजपा नेता इसे लेकर बयान दे रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर भी इसे लेकर अभियान शुरू कर दिया गया है।

**पुराने बयान के आधार पर लग रहे आरोप:** भाजपा इंटरनेट मीडिया प्रकोष्ठ ने राम मंदिर के विरोध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह का पुराना वीडियो एक्स व अन्य इंटरनेट मंच पर पोस्ट कर आम आदमी पार्टी को कटघरे में खड़ा कर रही है। 'आप ने हमेशा ही प्रभु श्री राम का विरोध किया है' शीर्षक से दिल्ली भाजपा द्वारा एक्स पर चार वीडियो पोस्ट किए गए हैं।

# शाहीन बाग की फर्नीचर मार्केट में लगी भीषण आग, कई दुकानें जलीं



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली** शाहीन बाग की फर्नीचर मार्केट में बुधवार देर रात एक दुकान में भयंकर आग लग गई। देखते-देखते यह आग दूसरी दुकानों तक फैल गई। दमकल की करीब 20 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। शाहीन बाग में एक फर्नीचर की दुकान में रात करीब 11 बजे अचानक किसी वजह से आग लग गई।

आग ने दुकान में रखे लकड़ी के फर्नीचर को अपने चपेट में ले लिया। आग की लपटे देखकर इलाके में लोग घरों से बाहर निकल कर आ गए। पहले तो लोगों ने खुद ही आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की ऊंची लपटे देखकर लोगों ने दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। इसके बाद दमकल विभाग की करीब 20 गाड़ियां मौके पर पहुंची। यहां करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

**आग की लपटें देखकर इलाके में दहशत:** जिस समय मार्केट में हादसा हुआ तो उस दौरान दुकान में रखे लकड़ी के समान की वजह से आग ने भयंकर रूप ले लिया। इसकी लपटे बहुत ऊपर तक चली गई। इससे इलाके में अफरा तफरी फैल गई। हालांकि समय के रहते दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया।

## उत्तर पूर्व रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर को घूस लेते किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को उत्तर पूर्व रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर संजय कुमार को घूस लेते गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने आरोपित से घूस की 20 हजार रुपये की रकम भी जब्त की है। सीबीआई ने सलेमपुर और गोरखपुर (यूपी) में आरोपित के परिसरों की तलाशी भी ली। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसे वर्तमान पोस्टिंग से मुरादाबाद मंडल में कार्य-मुक्त करने के लिए 50,000 रुपये की मांग की थी।

# आप में बगावत: उप महापौर पद पर नामांकन करने पहुंचे नरेंद्र कुमार

**बिगुल**

8 उपमहापौर के चुनाव के दौरान पहली बार सार्वजनिक तौर पर बगावती बिगुल बजता दिखाई दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने का असर पार्टी की एकजुटता पर दिखाई देने लगा है। केजरीवाल-सिसोदिया सरीखे सीनियर नेताओं की गैरमौजूदगी में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हो रहे उपमहापौर के चुनाव के दौरान पहली बार सार्वजनिक तौर पर बगावती बिगुल बजता दिखाई दिया। एक तरफ पार्टी ने अपने प्रत्याशी के तौर पर रविंद्र भारद्वाज के नाम का एलान किया तो इसके विपरित बगावती तेवर दिखाते हुए नरेंद्र कुमार भी अपना नामांकन दर्ज कराने चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंच गए। इस सियासी चहलकदमी ने पार्टी में बिखराव की सुगबुगाहट को बल दे दिया है।

**पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवारों ने भी भरा नामांकन :** आज मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए नामांकन का आखिरी दिन है और आज सुबह ही पार्टी ने महेश खिच्ची और रविंद्र भारद्वाज के नामों का एलान क्रमशः मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए किया था। हालांकि नामांकन के वक्त पार्टी लाइन से बगावत करते हुए पार्षद नरेंद्र कुमार डिप्टी मेयर के लिए नामांकन भरने पहुंच गए। पार्टी द्वारा घोषित दोनों उम्मीदवारों के नामांकन के बाद नरेंद्र कुमार ने आम आदमी पार्टी की तरफ से ही डिप्टी मेयर पद के लिए नामांकन भरा।

# दुर्लभ प्रजाति अंजूहा' के लिए असम से आएगा नया साथी

**संरक्षण**

8 संरक्षण और प्रजनन को बढ़ावा देने के लिए भी कुछ जानवरों को असम के चिड़ियाघर भेजा जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में जानवरों की अदला-बदली के साथ-साथ कुछ नए जानवरों को लाने पर तेजी से काम शुरू हो गया है। दर्शक अब चिड़ियाघर में दुर्लभ प्रजाति वाले जानवरों का भी दीदार कर सकेंगे। वहीं, जानवरों के संरक्षण और प्रजनन को बढ़ावा देने के लिए भी कुछ जानवरों को असम के चिड़ियाघर भेजा जाएगा और बदले में वहां से जानवर लिए जाएंगे। चिड़ियाघर के निदेशक डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि चिड़ियाघर में पशुओं के प्रजनन को बढ़ाने और जेनेटिक पूल को बनाए रखने की प्रक्रिया पर काम हो रहा है।

**विदेशों से भी जानवरों को मंगाने की बात:** इसमें गैंड़ों और रॉयल बंगाल टाइगर के प्रजनन पर काम किया जाना है। इसके अलावा विदेश के चिड़ियाघरों से भी जानवरों की अदला-बदली को लेकर बातचीत चल रही है। फिलहाल चिड़ियाघर में दो मादा गैंड़ा (अंजूहा और माहेश्वरी) हैं। दोनों मां-बेटी लंबे समय से यहां पर रह रही हैं। इनमें 26 वर्षीय माहेश्वरी को अब अपनी बेटी 18 वर्षीय बेटी अंजूहा से बिछड़कर गुवाहाटी स्थित चिड़ियाघर जाना होगा। वहीं, अंजूहा के लिए वहां से नर गैंडा दिल्ली लाया जाएगा।

**ब्रह्मपुत्र गैंडा को अमेरिका भेजा गया:** इससे पहले पटना से गैंड़ा लाने की योजना थी, लेकिन वहां अधिकतर गैंड़े माहेश्वरी के भाई हैं। ऐसे में गैंड़ों के प्रजनन में एक ही खून के आगे बढ़ने से बीमारी का खतरा रहता है। माहेश्वरी ने अंजूहा के अलावा एक नर गैंडा ब्रह्मपुत्र को भी जन्म दिया था, जो कि अमेरिका भेज दिया गया था।

# पहले चरण के मतदान के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने की मतदाताओं से अपील

**वोट की अपील**

8 मतदान करने तथा अपने परिवारवालों और दोस्तों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से मतदान की अपील की है। उन्होंने कर्तव्य और जिम्मेदारी को समझते हुए लोगों से स्वयं मतदान करने तथा अपने परिवारवालों और दोस्तों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। लोकसभा में पहले चरण का मतदान कल होगा। शुक्रवार 19 अप्रैल सुबह सात बजे से छह बजे तक 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान होगा। आयोग ने चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव पूर्व संदेश में राजीव कुमार ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की गौरवशाली अभिव्यक्ति है। इससे बेहतर कुछ नहीं है। लोगों के मतदान को सहज और सुलभ बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी तैयारियां की हैं। उनकी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। चुनाव अधिकारी लोगों का विनम्रता के साथ मतदान के लिए इंतजार कर रहे हैं। जनता जरूर वोट करे। उन्होंने महात्मा गांधी के उद्धरित शब्दों को दोहराया, जिसमें वे कहते हैं कि मतदान कमजोर को मजबूत लोगों के साथ समान अवसर प्रदान करता है।

# मानवीय चेहरा: ...और थानेदार ने दिलाई बच्चे को नई साइकिल

## पुलिसवालों ने पूछा क्यों रो रहे हो? तो बच्चे ने बताया कि मेरे घर के बाहर से मेरी साइकिल चोरी हो गई है

**दरियादिल**

8 साइकिल खरीदने की बात कही पर, सातवीं के इस छात्र को अगले दिन ही स्कूल जाने की चिंता सताने लगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** थाने में जाना और रिपोर्ट लिखाना आम लोगों के लिए आसान नहीं होता। लेकिन, उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी थाने में एक नौ साल का बच्चा रोते हुए पहुंच गया। पुलिसवालों ने पूछा क्यों रो रहे हो? तो बच्चे ने बताया कि मेरे घर के बाहर से मेरी साइकिल चोरी हो गई है। पिताजी के पास पैसे नहीं अब मैं स्कूल कैसे जाऊंगा। यह सुनकर पुलिसवालों का दिल पसीज गया। आनन-फानन उसे थानेदार के पास ले गए। बच्चे ने उन्हें भी अपनी व्यथा सुनाई। पूरा मामला समझने के बाद थानेदार ने बच्चे को नई साइकिल दिलाकर घर भेज दिया।

**सताने लगी स्कूल जाने की चिंता:** पुलिस का यह मानवीय चेहरा कम ही दिखता है। सब्जी मंडी थाने क्षेत्र के माता मंदिर मिश्रा वाली गली में बच्चा अपने माता पिता संग रहता है। दोपहर में घर के बाहर से साइकिल गायब होने पर उसे स्कूल जाने की चिंता सताने लगी।

**रोते हुए बोला कोई गली से साइकिल चोरी करके ले गया:** पिता ने बाद में दूसरी साइकिल खरीदने की बात कही पर, सातवीं के इस छात्र को अगले दिन ही स्कूल जाने की चिंता सताने लगी थी। वह रोते हुए सीधे थाने पहुंचा। यहां पुलिस स्टाफ ने बच्चे को रोता देख उससे रोने और थाने आने का कारण पूछा, तो उसने बताया कि गली में से कोई उसकी साइकिल चोरी कर ले गया है।

**'पापा के पास पैसे नहीं हैं साइकिल दिलाने के':** पापा के पास अभी पैसे नहीं हैं नई साइकिल दिलवाने के लिए, अब बिना साइकिल के स्कूल कैसे जाउंगा। बच्चे की बात सुनकर थाने का स्टाफ बच्चे को एसएचओ राम मनोहर मिश्रा के पास ले गया। उसे रोता देख एसएचओ ने बच्चे को शांत कराया। इसी बीच बच्चे के पिता मदन गोपाल जो शादियों में फोटोग्राफी का काम करते हैं, वो भी थाने पहुंच गए। एसएचओ ने उनसे साइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कहा। इस पर बच्चे के पिता ने कहा, पुरानी साइकिल थी क्या रिपोर्ट लिखाएंगे, साइकिल कोई नशेड़ी उठा ले गया होगा। जब पैसा होगा तब नई साइकिल दिला देंगे। मगर बच्चा रोता रहा और नई साइकिल दिलाने की जिद करता रहा।

**एसएचओ का दिल पसीजा** :इसपर एसएचओ का दिल पसीजा और उन्होंने अपने वेतन से बच्चे को नई साइकिल दिलवा दी।

# राष्ट्रीय बाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चेयरमैन प्रियांक कानूनगो ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बाल विवाह रोकने को लेकर वर्चुअल समीक्षा बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। आयोग के चेयरमैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मे बाल विवाह की जिले अनुसार स्थिति जानी। उन्होंने खंड स्तर पर पुजारियों,पादरीओ की बैठक कर उन्हें जागरूक करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 10 दिन में शादी के लिए टैंट लगने वाले,पंडित,पुजारियों, मोलवियो की बैठक का डाटा आयोग को भेजने के निर्देश दिए व जिले में किए जा रहे बाल संबंधित कार्यों की प्रशंसा



की और अन्य को पानीपत से प्रेरणा लेने के लिए कहा। एडीसी डॉक्टर पंकज ने आयोग के चेयरमैन को आश्वस्त करते हुए कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठा कर बाल विवाह की रोकथाम की गई है व जिले में 112 जागरूकता शिविर गांव, पंचायत, ब्लॉक,शहरी, स्कूलों और जिला-तहसील स्तर पर किए गए हैं। सीडब्ल्यूसी, सीडीपीओ, डीसीपीओ औरआंगनवाड़ी कार्यकताओं के साथ समय -समय पर बैठकें आयोजित की जाती रही हैं ताकि बाल संरक्षण पर और अधिक जोर दिया जा सके। एडीसी ने बताया कि बाल विवाह को रोकने के संबंध में समय-समय पर धार्मिक नेताओं, प्रिंटिंग प्रेस, टेंट प्रदाताओं, मैरिज हॉल के प्रबंधकों आदि के साथ बैठकें और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। वर्ष 2023-24 में 22 बाल विवाह को रोका गया व कुछ पर कार्यवाही की गई। यह नही, समय समय पर बाल विवाह शिकायत पर कार्यवाही भी की जाती रही है। एडीसी ने बताया कि जागरूकता के दौरान पंचायत, ब्लॉक, शहरी, स्कूल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, धार्मिक नेता, प्रिंटिंग प्रेस, टेंट प्रदाता, कवर किए गए। क्षेत्र के विवाह हॉल के प्रबंधक, मिठाई की दुकानें, हेयर सैलून और ब्यूटी पार्लर को लेकर जागरूकता कार्य किए गए। एडीसी ने बताया कि सीएमपीओ आयुक्त नगर निगम, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी को बाल विवाह रोकने के लिए अपने स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने के लिए पत्र भी लिखें। एडीसी ने बताया कि डीसीपीओ यूनिट द्वारा 20 जागरूकता कार्यक्रम किये गये। 8500 छात्राओं को पिछले एक साल में पुलिस के सहयोग से जागरूक किया गया। इस मौके पर डीएसपी कृष्ण कुमार ,जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया, जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि, जिला प्रोटेक्शन अधिकारी रजनी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# हनुमान मंदिर में आयोजित होने वाले यज्ञ व भंडारे से पूर्व निकाली शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**

**नारनौलः श्री कड़िया** वाला हनुमान मंदिर में 23 अप्रैल को आयोजित होने वाले हनुमान जन्मोत्सव पर यज्ञ में भंडारे को लेकर आज शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा चामुंड़ा मंदिर से शुरू हुई तथा कड़िया वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। जिसमें अनेक महिला व पुरुषों ने हिस्सा लिया। शोभा यात्रा का शहरवासियों ने जगह-जगह पर स्वागत किया। इस बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र शर्मा ने बताया कि वीरवार सुबह शहर के सबसे प्राचीन मंदिर चामुंडा देवी के प्रांगण से शुरू होकर आजाद चौक, पुल बाजार, महावीर चौक, रेस्ट हाऊस, बहादुर सिंह



तालाब, नलापुर होती हुई बहरोड़ मार्ग स्थित कडियां वाले मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। अंजनी माता की झांकी मुख्य आकर्षण केंद्र रही। जिसको छोटे-छोटे बच्चों द्वारा बनाया व सजाया गया था। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा में संगरूर का बेग पाइपर बेंड, पटौदी की झांकी, भिवानी की ढोल पार्टी, नारनौल के प्रसिद्ध बैंड रहे। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा में विशाल ध्वज तथा महिलाओं ने कलश लेकर यात्रा की शोभा बढ़ाएंगी। शोभा यात्रा मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को सुबह हवन का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### नई अनाज मंडी नारनौल में सरसों खरीद के लिए गांव वाइज शेड्यूल जारी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल । रबी सीजन-2024 की** खरीद को सुचारु रुप से चलाने के लिए नई अनाज मंडी नारनौल में रोस्टर अनुसार खरीद की जाएगी ताकि मण्डी में अव्यवस्था ना हो व किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। यह जानकारी देते हुए उप मंडल अधिकारी (ना0) सह प्रशासक मार्केट कमेटी नारनौल डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि 19 अप्रैल को अकबरपुर रामू, अब्बदुल्ला नगर, बडगांव, बदोपुर, बुचकपुर गांव की सरसों खरीद की जाएगी। इसी प्रकार 20 अप्रैल को फैजलीपुर, जादूपुर, कुतबापुर, मकसूसपुर, नांगल शालु, सुराना, तलोट गांवों की सरसों खरीद की जाएगी तथा 21 अप्रैल को रविवार का अवकाश होने के कारण कोई गेट पास जारी नहीं होंगे। 22 अप्रैल को नांगतिहाडी, नसीबपुर, निवाजनगर, श्योनाथपुरा, सिलारपुर मेहता, 23 अप्रैल को खत्रीपुर, कोजिन्दा, लहरोदा, आजमनगर तथा 24 अप्रैल को बलाहां खुर्द, बडकोदा, दौचाना व डोहर खुर्द गांवों की सरसों खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंडी में सरसों बेचने के लिए सभी किसान अपने साथ आधार कार्ड लेकर आएं। बिना रोस्टर के किसी भी किसान की सरसों नहीं खरीदी जाएगी।

### मकान बेचने के नाम पर 10लाख रुपए की धोखाधड़ी मामले में तीसरे आरोपी को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया

**पानीपतः थाना** सेक्टर 13/17 पुलिस ने नेहरू नगर तहसील कैंप निवासी युवक से मकान बेचने के नाम पर 10लाख रुपए की धोखाधड़ी करने मामले में तीसरे आरोपी प्रदीप निवासी हनुमान कॉलोनी हाल डाबर कॉलोनी को शामिल जांच कर बुधवार को गिरफ्तार किया। आरोपी प्रदीप ने उक्त मामले में माननीय उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत ली हुई है। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर विलासा राम ने बताया कि मामले में नामजद आरोपी दंपति को पहले ही शामिल जांच कर गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी दंपति ने भी माननीय उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत ली हुई थी। इंस्पेक्टर विलासा राम ने बताया कि योगेश पुत्र लीलाधर निवासी नेहरू नगर तहसील कैंप ने थाना सेक्टर 13/17 में शिकायत देकर बताया था कि वह मकान खरीदने लिए प्रोपर्टी डीलर प्रदीप निवासी महादेव कॉलोनी से मिला था। डीलर प्रदीप ने उसको सेक्टर 18 निवासी दंपति राजेश व पत्नी वर्षा रानी से मिलवाया। दंपति ने अपना सेक्टर 18 में स्थित 4 मरले का मकान बेचने की पेशकश की। मकान का सौदा तय होने पर 20 अप्रैल 2023 को उससे चेक के माध्यम से 10लाख रुपए लेकर एग्रीमेंट लिख कर दे दिया गया। मकान पर बैंक लोन था वह क्लीयर होने के बाद रजिस्टरी करवाने के लिए उसको कहा गया। उसको कुछ समय बाद पता चला की दंपति ने उक्त मकान का 18 मार्च 2021 को अजय मलिक पुत्र सूरजमल से व 18 अगस्त 2022 को सतपाल पुत्र राय सिंह से सौदा किया हुआ है। इसके बाद वह डीलर व दंपति से मिला। तीनों पहले पैसे वापिस करने की बात कहते रहे बाद में पैसे देने से मना कर दिया और उसको जान से मारने की धमकी दी। डीलर व दंपति ने मिलकर साजिस रच मकान बेचने के नाम पर उससे 10 लाख रुपए धोखाधड़ी कर हड़प लिए। अजय मलिक ने भी अपने साथ हुई धोखाधड़ी बारे माननीय न्यायालय में केस दायर किया हुआ है। योगेश की शिकायत पर थाना सेक्टर 13/17 में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

### दहेज के मामले में उद्घोषित आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः महिला थाना पुलिस ने** दहेज के मामले में आरोपित उद्घोषित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील निवासी आसन का है। जांच अधिकारी सिपाही पूनम ने बताया कि वर्ष 2017 में महिला सोनीपत में दर्ज मामले में आरोपित को अदालत ने वर्ष 2022 को फरार अपराधी घोषित किया था।

मामले में कर्रवाई करते हुए सिपाही पूनम की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# विद्यार्थी बने एआईएस डिजाइन प्रतियोगिता में रनर अप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः भारत सरकार के विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतरराष्ट्रीय प्रभाग पूर्व सलाहकार डॉ. संजीव वार्ष्णेय ने दीनबंधु छोटु राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह से मुलाकात की। कुलपति प्रो. सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर डॉ. वार्ष्णेय का स्वागत किया। इससे पूर्व डॉ. वार्ष्णेय ने विश्वविद्यालय में व्याख्यान दिया। डीसीआरयूएसटी, मुरथल के रसायन विभाग द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग और डीएसटी, भारत सरकार की योजनाओं का अवलोकन' विषय 3 अप्रैल बुधवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया था। व्याख्यान में मुख्य वक्ता भारत सरकार के



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतरराष्ट्रीय प्रभाग पूर्व सलाहकार डॉ. संजीव वार्ष्णेय थे। इस कार्यक्रम में रसायन विज्ञान और भौतिकी विभागों के संकाय सदस्यों, शोध विद्वानों और अंतिम वर्ष के स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया। पूर्व सलाहकार डॉ. संजीव के वार्ष्णेय ने जटिल अवधारणाओं के माध्यम से वैज्ञानिक सहयोग की पेचीदगियों और डीएसटी की योजनाओं को स्पष्टता और सटीकता के साथ उजागर किया। उन्होंने वास्तविक दुनिया के उदाहरणों की व्याख्या द्वारा समाज, उद्योग और देश पर सहयोग और डीएसटी योजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित किया। छात्रों, प्रोफेसरों और संस्थानों के लिए सभी विदेशी अवसरों को स्पष्ट किया।

पूर्व सलाहकार डॉ. संजीव के वार्ष्णेय ने कहा कि वर्तमान में, भारत के पास 44 देशों के साथ सक्रिय सहयोग सहित लगभग 80 देशों के साथ अंतर-सरकारी समझौते हैं जिनमें अरएअठ से उएळ तक बहुपक्षीय और द्विपक्षीय शामिल हैं। उन्होंने विभिन्न वितरण भागीदारों की क्षमता निर्माण पर चर्चा की। इसके अलावा, उन्होंने छात्रों को विभिन्न उपक्रमों के लिए विभिन्न फंडिंग एजेंसियों से उपलब्ध फैलोशिप और फंडिंग और ओपन-सोर्स ड्रग डिस्कवरी के बारे में अपडेट किया।

# पर्यटन विभाग ने किया रोजगार मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः आर्य कॉलेज के पर्यटन** विभाग द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ राजकीय महाविद्यालय,चीका राजकीय महाविद्यालय,कैथल व राजकीय महाविद्यालय,अंबाला कैंट के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अन्य महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों, प्राध्यापकों व रोजगार मेले में आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया व चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कॉलेज के पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अंकुर मित्तल, प्रो. नवीन, प्राध्यापिका काजल व प्रियांशा को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज के पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने वाले विद्यार्थियों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया।

आयोजन में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ राजकीय महाविद्यालय,चीका राजकीय महाविद्यालय कैथल व राजकीय महाविद्यालय,अंबाला कैंट के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

# इनसो के नेतृत्व छात्रों ने दिया एसडी कॉलेज प्रिंसिपल को ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** एस.डी पीजी कॉलेज पानीपत के छात्रों ने छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑगेनाईजेशन (इनसो ) के जिला प्रधान बलराज देशवाल की अध्यक्षता में रोडवेज बसों को लेकर हो रही समस्याओं को लेकर कॉलेज प्राचार्य अनुपम अरोड़ा से मुलाकत कर समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इनसो जिला प्रधान बलराज देशवाल ने बताया की कई दिन से एस.डी पीजी कॉलेज के छात्र छात्राओं ने बसों की समस्या बताई थी जिसको लेकर आज एस.डी कॉलेज के प्राचार्य अनुपम अरोड़ा जी को सभी छात्रों की समस्या से अवगत कराया गया था और एक समस्याओं का पत्र प्राचार्य जी को दिया हे इनसो जिला प्रधान बलराज देशवाल ने बताया की एसडी कॉलेज के छात्र छात्राओ को सुबह कॉलेज तक आने और दोपहर को छुट्टी के समय घर जाने के लिए पानीपत शहर से लोकल बसे नहीं मिल पा रही है कई कई घंटे कॉलेज के छात्र सुबह और दोपहर को संजय चौक और पानीपत पुराने बस स्टैण्ड पर लोकल बसों के इंतजार में खड़े रहते है लेकिन छात्रों को बसे नहीं मिल पाती और छात्र समय पर घर से कॉलेज ओर कॉलेज से घर नहीं पहुंच पाते।

# सक्षम एप का मतदाताओं को मिलेगा शत प्रतिशत लाभ

## जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा किए जा रहे अनेक स्थानों पर स्वीप कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम अनेक स्थानों पर किए जा रहे हैं। स्कूल, कॉलेज में प्रतियोगिताओं के तहत युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शत-प्रतिशत मतदान के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का उपयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य



से सक्षम एप भी बनाया गया है। जिसका बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एप दिव्यांग मतदाताओं के लिए नामांकन से लेकर मतदान तक के दिन की सुविधाओं तक वन स्टॉप शॉप है।

उन्होंने बताया कि एप को डिजाइन करते समय दिव्यांगजनों की सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है। इसके लिए दिव्यांगजन उपयोगकर्ता के पास एक सक्रिय मोबाइल नंबर होना चाहिए, जिस पर एप की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ओटीपी भेजा जाएगा। सक्षम एप पर सभी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए चार श्रेणियों में बांटा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की है।

# संस्कारों से बच्चों को अवगत करवाना अभिभावकों का कर्त्तव्य

## भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के अनुसार ही बच्चों का जन्मदिन मनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः जग ज्योति** दरबार के धर्म प्रचार के कार्यक्रमों के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के थानेसर एवं लाड़वा उपमंडल के करीब एक दर्जन गांवों में आयोजित सत्संग के कार्यक्रमों में महंत राजेंद्र पुरी ने श्रद्धालुओं से अपील की कि सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से अपने बच्चों को अवगत करवाएं। सनातन संस्कृति से बच्चों को जोड़ना अभिभावकों का कर्तव्य है। इस मौके पर महंत राजेंद्र पुरी का बलविन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, अजय कुमार, अमरिंदर सिंह, अशोक कुमार,



प्रकाश सिंह बादल, सम्राट सिंह और नरिंद्र कौर इत्यादि श्रद्धालुओं ने स्वागत व सम्मान किया। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि लोग अपने संस्कार और धर्म नीतियों को भूलते जा रहे हैं। हम अपने बच्चो का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। मित्र, प्यारे रिश्तेदार इत्यादि सभी लोगों को निमंत्रण देते हैं। खान पान का प्रबंध करते हैं और केक काटकर जन्मदिन पूर्ण होता है। उन्होंने कहा केक काटने से पहले मोमबत्ती जलाकर फूंक मारने की विधि आधुनिक तकनीक चला दी गई है। विडंबना यह है कि हिंदू धर्म में ज्योत जलाना शुभ माना जाता है। बुझाना नहीं।

उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के अनुसार जन्मदिन मनाया जाए। परंतु सभी आधुनिक विधि विधान करते हुए मोमबत्ती की जगह देसी घी की ज्योत जलाई जाए और जन्मदिन पूर्ण हो जाने पर उसी ज्योति को घर के मंदिर में या घर में रखा जाए। उससे बच्चों को भगवान का आशीर्वाद भी मिलेगा।

# रुपये लेकर फरार होने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : राई थाना पुलिस ने** रुपये लेकर फरार होने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप निवासी सहारनपुर हाल में जोहरीपुर यमुनानगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जमालपुर भिवानी निवासी जयविंद्र ने गत 30 सिंतबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि 20 जुलाई 2023 को प्रदीप निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी जगाधरी अपनी गाड़ी में बहादुरगढ़ को केमिकल लोड करके बिजनौर यूपी गया था। वहां से उसे गाड़ी खाली करने के बाद पार्टी की तरफ से तीन लाख 69 हजार 300 रुपये दिए। वह गाड़ी लेकर वहां से वापिस चला पड़ा, लेकिन गाड़ी लेकर पहुंचा नहीं। उसकी लोकेशन निकाली तो गाड़ी सोनीपत खड़ी मिली। गाड़ी के पास जाकर देखा तो गाड़ी में चालक नहीं मिला। चालक प्रदीप गाड़ी को खड़ी कर-के रुपये लेकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी सिपाही सुधीर की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया।

# अभियान 2024 के तहत विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः रबी** फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 113318 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 107500 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 17600 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 49562 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 38134 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 2204 का उठान किया जा चुका है।

सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है।

डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस मंगलवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 2289 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 1708 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 9958 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 6326 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 4316 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 14547 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 16819 मीट्रिक टन, नौल्था खरीद केन्द्र पर 816 मीट्रिक टन, पानीपत खरीद केन्द्र पर 15151 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसी प्रकार समालखा मण्डी में 39298 मीट्रिक टन गेंहू, सनौली में 1816 मीट्रिक टन, उरलाना में 274 मीट्रिक टन की आवक हुई है और सम्बंधित खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की नियमित रूप से खरीददारी की गई है।

# एसडी पीजी कॉलेज पानीपत बना महिला खो-खो का ओवरआल चैंपियन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत की टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविधालय महिला खो-खो चैंपियनशिप जीतकर न सिर्फ कॉलेज और जिले का मान बढाया बल्कि इस कारनामे को लगातार तीसरी बार अंजाम देकर कुरुक्षेत्र विश्वविधालय के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया । यह टूनार्मेंट कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र में 16-17 अप्रैल को सम्पन्न हुआ और इसमें एसडी पीजी कॉलेज की टीम ने जोन और इंटरजोन की विजेता टीमों को सभी मैचों में पछाड़ते हुए महिला खो-खो की ओवरआल चैंपियनशिप पर कब्जा किया और स्वर्ण पदक जीता । कॉलेज की महिला खो-खो टीम



ने कप्तान मुकेश की अगुआई में अन्नू, सोनू, साक्षी, निशा, निकिता, मनीषा, ऋतु, लावन्या, शीतल, पूजा, सीमा, प्रीती, अंजू और मोनिका के शानदार खेल के बूते पर सभी मैचों में एकतरफा जीत हासिल कर के इस मुकाम को हासिल किया । एसडी पीजी कॉलेज की खो-खो टीम ने एसए जैन कॉलेज कॉलेज अम्बाला सिटी को 10-4 के अंतर से, चौधरी देवी लाल मेमोरियल कॉलेज सिवाह को 9-3 के अंतर से और आरकेएसडी कॉलेज कैथल की टीम को 10-3 के अंतर से पटखनी दी । विजेता छात्राओं का कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो रेखा, कोच अंकुश मलिक और ग्राउंड्समैन प्रताप ने किया । सबसे अधिक हर्ष का विषय यह रहा कि इस टीम के 7 खिलाड़ी नार्थ जोन मेडलिस्ट और राष्ट्रीय पदक विजेता है । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने अन्नू, निशा, निकिता, साक्षी, अंजलि, ऋतु, मनीषा, कोमल, पूजा, काफी, स्नेह और भतेरी की उपलब्धियों के बारे में बोलते हुए कहा कि ऐसे खिलाडी बहुत कम होते है जो इतनी कम उम्र में बड़े कारनामे कर जाते है । इन सभी खिलाड़ियों की कामयाबी का सफर बहुत लम्बा है और यह अभी और भी बड़ा मुकाम हासिल करेंगी । खो-खो जैसे खेल द्वारा विद्यार्थी सामाजिक होना सीखते है और उनका भावात्मक विकास भी बढ़ता है । युवा जीवन में खेलों में भाग लेने से युवा टीम वर्क सीखते है और उनके मस्तिष्क का बेहतर विकास होता है । शारीरिक विकास के साथ-साथ मन का विकास भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है । खो-खो जैसा खेल अंग विन्यास को अच्छा, हृदय को मजबूत, श्वसनतंत्र को बेहतर और हमारी इम्यूनिटी को बढाने में सहायक होता है । प्रतियोगी भावना भी हमें खो-खो जैसे खेल से ही मिलती है । हर युवा को चाहिए की वह अपने जीवन में कम से कम एक खेल में भाग जरुर ले ।

# हरियाणा के लिए नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय की मांग बिल्कुल समयोचित है:न्यायमूर्ति

**मांग**

**8 हरियाणा के पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों, हाईकोर्ट के पूर्व जजों और वकीलों ने संयुक्त रूप से एकजुट होकर उठाई मांग**



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़** : हरियाणा के लिए नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय की मांग बिल्कुल समयोचित है व इस तरफ प्रदेश सरकार को प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देना ही होगा। ये कहना था पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह का, जो हरियाणा बनाओ अभियान के बैनर तले चण्डीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों से बात कर रहे थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी महिंदर सिंह चोपड़ा ने भी प्रदेश के लिए अलग नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के महत्व व जरूरत पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हरियाणा बनाओ अभियान के संयोजक और पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष रणधीर सिंह बधरान के साथ-साथ कई प्रशासनिक अधिकारियों ने एक स्वर में मजबूती से हरियाणा की नई राजधानी और अलग हाईकोर्ट की जोरदार मांग उठाई गई। रणधीर सिंह बधरान ने कहा कि हरियाणा को पंजाब से अलग हुए 57 साल हो गए हैं, लेकिन दुर्भाग्य से इस क्षेत्र को अभी तक पूर्ण स्वायत्त राज्य का दर्जा नहीं मिल सका है, क्योंकि इसे अपनी अलग राजधानी और अलग हाईकोर्ट नहीं मिला। संयुक्त पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ को केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी बना दिया गया। बधरान ने कहा कि हरियाणा के इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उजागर करने के लिए समाज के अन्य वर्गों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में यह बड़ा मुद्दा बनेगा।

हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश नवाब सिंह, पूर्व आईएएस एचसी चौधरी, पूर्व वाइस चांसलर राधे श्याम शर्मा, एमएस चोपड़ा, रणवीर सिंह बधरान ने संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि हरियाणा की अलग राजधानी और अलग हाईकोर्ट की मांग एक सामाजिक मांग है। उन्होंने कहा कि भले ही वे अलग राजधानी और अलग हाई कोर्ट की मांग कर रहे हैं, लेकिन चंडीगढ़ पर हरियाणा का हक नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है जिसकी अपनी राजधानी नहीं है और प्रदेशों के विपरीत यहां राजभाषा चंडीगढ़ का प्रयोग किया जाता है।

# प्रभाव की अपेक्षा स्वभाव से जीने के उपायों पर आधारित होगा महावीर जयंती ध्यान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार, 18 अप्रैल (महेंद्र गोयल)** : जीवन जीने के एक नए दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए 21 अप्रैल को भगवान महावीर जयंती ध्यान शिविर आयोजित किया जाएगा। ओशो ध्यान उपवन में प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे आयोजित होने वाला यह ध्यान शिविर अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य, अकाम व अप्रमाद पर केंद्रित रहेगा। शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि भगवान महावीर जयंती ध्यान शिविर में अपने भीतर के होश को समझने पर बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीवन अपने भीतर गहराई से संचालित होना चाहिए और हम बाहर के प्रभाव से न जीएं बल्कि स्वभाव में जीएं। उन्होंने कहा कि जब इंसान भीतर गहराई से जीने लगता है तो अहिंसा,

**ध्यान शिविर**

**8 21 अप्रैल को भगवान महावीर जयंती ध्यान शिविर आयोजित किया जाएगा।**

अपरिग्रह, अचौर्य, अकाम व अप्रमाद सभी चीजें घटती हैं। इसलिए इस ध्यान शिविर में इन सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

शिविर के समापन पर सभी साधकों के लिए सात्विक लंगर प्रसाद की व्यवस्था भी रहेगी।

स्वामी संजय ने कहा कि सतगुरु ओशो ने भगवान महावीर की विचारधारा को बड़े ही सरल ढंग से समझाया है। संत ओशो ने कहा है कि भगवान महावीर के पांच महाव्रत को समझकर ध्यान की दिशा में आगे बढ़ना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा है कि अपने भीतर का जागरण करना है, होश व ध्यान को साधना है। संत ओशो ने कहा है कि मनुष्य का जन्म पाना मुश्किल है, जन्म मिल जाए तो धर्म श्रवण होना मुश्किल, धर्म श्रवण हो जाए तो श्रद्धा आना मुश्किल, श्रद्धा भी आ जाए तो पुरुषार्थ करना और भी कठिन है। ऐसा पुरुषार्थ विरले ही व्यक्ति ही कर पाएंगे।

इसलिए सच्चे पुरुषार्थ की तरफ अग्रसर होना चाहिए।

स्वामी संजय ने बताया कि शिविर में तीन सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में भगवान महावीर के पंचमहाव्रत पर प्रयोग करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस शिविर में साधकों का अलग दृष्टिकोण विकसित होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महाराणा प्रताप पार्क में पक्षियों के पीने के पानी की लिए की गई व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया/रादौर,18 अप्रैल (नीतीश जोगी ):** भयंकर गर्मी के चलते शहर के महाराणा प्रताप पार्क में पक्षियों के पीने के पानी की लिए रोटरी क्लब की ओर से विशेष रूप से व्यवस्था की गई है।

वहीं पार्क में पक्षियों के खाने के लिए 2 किलों गेहूं हर रोज मुहैया करवाई जायेगी। जिससे पक्षी पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सकेंगे व दाने खाकर अपनी भूख को शांत कर सकेंगे। इस बारे प्रधान मंजीत सिंह ने बताया कि इन दिनों शहर व क्षेत्र में भयंकर गर्मी पड़ रही है। जिसको देखते हुए वीरवार को शहर के खेड़ा मोहल्ला, माता मोहल्ला, प्रेमी बाबा कॉलोनी के घरों में लगभग 200 मिट्टी के कसौरे वितरित किए गए।

जिससे स्थानीय लोग पक्षियों के लिए इन मिट्टी के कसौरों में पानी भरकर अपने घरों की मुंडेर पर रख सकेंगे। पार्क में स्थायी रूप से पक्षियों के लिए खाने व पीने की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने सभी से अपील की कि वे गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए अपने घर पर पानी पीने की व्यवस्था करे। जिससे हम पर्यावरण की अमूल धरोहर पक्षियों को मरने से बचा सके।

### नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने बस स्टैंड पर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद, 18 अप्रैल, महेंद्र गोयल**
नेहरू युवा केंद्र व खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी के दिशा निर्देशानुसार फतेहाबाद के स्वयंसेवकों ऋतिक, रविंद्र कुमार व ममता द्वारा फतेहाबाद के बस स्टैंड पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बस स्टैंड पर आये हुए लोगों को एकत्रित कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया और उन्हें निष्पक्ष भाव से मतदान करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को सी-विजिल एप के बारे में भी जानकारी दी गई। स्वयंसेवक ऋतिक व रविंद्र कुमार ने युवाओं को बताया कि हमें अपने आस पास हो रही अनैतिक गतिविधि को ध्यान में रखकर और इन गतिविधियों को रोकने के लिए इस एप के द्वारा सूचना दे सकते हैं।

युवाओं को जागृत करते हुए स्वयंसेवकों ने बताया कि सरकार बनाने में आम नागरिक का महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि हमारे द्वारा किये मतदान के द्वारा ही सरकार बनती व हमें हमारे वोट का उचित प्रयोग करना है। युवाओं को बताया गया कि हमें धर्म व भाषा का न देखते हुए अपने मजबूत लोकतंत्र को एक अपनी इच्छाओं व भविष्य को ध्यान में रखते हुए मतदान करना है। कार्यक्रम का समापन करते हुए एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया व लोगों को 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक कर नागरिकों से हस्ताक्षर करवाये व लोगों को निष्पक्ष भाव से 25 मई को 100 प्रतिशत व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान की शपथ दिलाई।

फोटो 05 व 06: फतेहाबाद। बस स्टैंड फतेहाबाद में हस्ताक्षर अभियान चलाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करते नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक।

## कैथल में अफीम समेत एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
एंटी नारकोटिक्स सेल ने गुहला क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 204 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की अगुवाई में एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम को सूचना मिली थी कि खत्री मोहल्ला गुहला निवासी बलबीर सिंह अपनी स्कूटी में अफीम रखकर आसपास के इलाके में सप्लाई करता है।

पुलिस ने गुरुवार देर शाम बलबीर सिंह के घर पर रेड की और उसे काबू कर लिया। ईटीओ कैथल दीपक के सामने जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक पॉलिथीन मिला।

# देश व प्रदेश में मोदी के नेतृत्व में हुए रिकार्ड तोड़ विकास कार्य : नवीन जिंदल

**सुशासन**

**8 नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो विकास कार्य हुए हैं। उसने देश की दशा-दिशा बदल दी है।**

**टीम एक्शन इंडिया/रादौर,18 अप्रैल (नीतीश जोगी ):**
पिछले 10 सालों में प्रदेश समेत पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो विकास कार्य हुए हैं। उसने देश की दशा-दिशा बदल दी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्र में मोदी की डबल इंजन वाली सरकार प्रदेश में सुशासन का नया इतिहास लिखेगी। यह शब्द पूर्व



सांसद व कुरूक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल शहर की अनाजमंडी में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के इंतजार के बाद ये पहली महा रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य व दिव्य राम मंदिर में विराजमान होकर रामलला हमें आशीर्वाद दे रहे हैं। अयोध्या का भव्य राममंदिर हमारी आस्था व विश्वास का प्रतीक है। राम मंदिर का निर्माण प्रधानमंत्री के मजूबत इरादों को भी प्रतिबिंबित करता है। नरेंद्र मोदी जो ठान लेते हैं, वो कर दिखाते हैं, इसलिए पूरे देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा भी है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के समय मुझे मयार्दा पुरुषोत्तम के दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। रामनवमी का यह पावन पर्व हमें सत्य, निष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने का जीवन मंत्र देता है। इस मंगल घड़ी में हम एक ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प लें। जहां प्रत्येक देशवासी का जीवन गौरवपूर्ण हो और चारों ओर सुख, शांति, समृद्धि के वातावरण का निर्माण हो। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज,पूर्व विधायक ईश्वर पलाका,निर्वतमान मेयर मदन चौहान, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा,जिला उपाध्यक्ष अमित गर्ग,पूर्णचंद आहूजा,प्रवीण अग्रवाल आढ़ती,संदीप राणा,भूपेन्द्र राणा,सतीश चौधरी,दीपक मेहता,सुभाष काम्बोज, हेमराज कुंजल,श्यामलाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# ज्ञानचंद गुप्ता ने यूपीएससी परीक्षा उत्ती करने पर एकांश केनिवास स्थान पहुंच कर दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर आज एकांश ढुल के सेक्टर-12ए स्थित निवास स्थान पहुंच कर उन्हें बधाई दी। श्री गुप्ता ने एकांश को मिठाई खिलाई और उनके उज्जव भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। एकांश ने भी श्री गुप्ता को मिठाई खिला कर अपनी खुशी सांझा की।

हाल ही में घोषित यूपीएससी परीक्षा परिणामों में एकांश ढुल ने 342 वां रैंक हासिल किया है। श्री गुप्ता ने कहा कि एकांश ने यह उपलब्धि हासिल कर पंचकूला के साथ-साथ प्रदेश का नाम देश में रोशन किया है।



इस अवसर पर श्री गुप्ता ने एकांश के पिता श्री कृष्ण ढुल और माता श्रीमती निर्मल ढुल को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे अध्यापकों के साथ-साथ उनके अभिभावकों का भी विशेष योगदान होता है। एकांश के पिता श्री कृष्ण ढुल भाजपा के वरिष्ठ नेता है और माता श्रीमती निर्मल ढुल राजकीय वरिष्ठ माधमिक स्कूल सेक्टर-19 पंचकूला में बतौर प्रिंसीपल सेवाएं दी रही है।

## विदेश भागने की फिराक में थे महंत से रंगदारी मांगने वाला

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
डेरा बाबा राजपुरी के महंत से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने वाले बदमाश ने देश से बाहर भागने के लिए जाली पासपोर्ट बनवा रखा था। पुलिस ने जाली पासपोर्ट बनवाने पर उसके खिलाफ एक और मामला दर्ज किया है। फिलहाल वह महंत से रंगदारी मांगने के मामले में जेल में बंद है। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सिक्योरिटी एजेंट हेड कांस्टेबल संदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि असामाजिक किस्म के व्यक्तियों पर नजर रखना और उनकी गतिविधियों की जानकारी देना उसकी ड्यूटी में आता है।

# सिंचाई विभाग के दफ्तर पर गमछा बांधने मामले में रोहतक कोर्ट में पेश हुए-जयहिंद



**जयहिंद** सेना प्रमुख नवीन जयहिन्द रोहतक के सिंचाई विभाग में किसानों की आवाज उठाने के चलते एक्सइन ऑफिस पर गमछा बाँधने की वजह से सुर्खिय़ों में थे । इस गमछे का बांधने का कारण था किसानों की समस्या का समाधान न होना` जयहिंद वीरवार को रोहतक जिले कोर्ट दीपक यादव की अदालत में पेश हुए और दुसरे पक्ष ने अपनी गवाही भी दी` जयहिंद शुक्रवार को फिर इसी मामले में कोर्ट में पेश होंगे

जयहिंद ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि किसान बार-बार सिंचाई विभाग के चक्कर काट रहे थे लेकिन उनकी कोई सुन नहीं रहा था` फिर वे किसान अपनी परेशानी लेकर उनके पास आये और वो फिर सिंचाई विभाग में एक्सइएन ऑफिस पर पहुचें` एक अधिकारी के दफ्तर पर पहले ही ताला लगा हुआ था और कोई भी स्टाफ मोजूद नहीं था` न तो उन्होंने किसी तरह की सरकारी काम में बाधा डाली न ही सरकारी सम्पति को नुकसान पहुँचाया है और न किसी के किसी भी तरह की कोई मारपीट की है` किसान जो इतने दिनों से सरकारी दफ़्तर के चक्कर काट रहे थे आला अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया और किसानों की समस्या का समाधान करवाया।

जयहिंद ने कहा कि राजनीति से प्रेरित कुछ राजनीतिक लोगों ने ये केस दर्ज करवाया था और वो इस मामले में जज साहब के सामने भी अपना पक्ष रख चुके है` इससे पहले वे इसी मामले में जेल भी जा चुके है` गाँव के सरपंच और पूर्व फौजी सहित किसान उनके पास आये थे और सिंचाई विभाग में उनके साथ गये थे ` वहां कर्मचारियों और अधिकारीयों का आपसी झगड़ा था जिससे किसानों की समस्या का समाधान नहीं हो रहा था` इस तरह के केसों से वो डरने वाले नहीं है` दर्जन भर केस जनता की आवाज उठाने के कारण चल रहे है उसी में ये केस भी है` इस मौके पर एडवोकेट मदन लाल, एडवोकेट दीपक सिसोदिया,एडवोकेट सिद्धार्थ बजाज, मुनिपाल अत्री मोजूद रहे`

# कभी पानी का गिलास न उठाने वाले आज बोरी उठा रहेः गुप्ता

**सुशासन**

**8 जब कुरुक्षेत्र के पीपली में किसानों पर लाठियां बरसाईं गई तब नवीन जिंदल कहां थे? : डॉ. सुशील गुप्ता**

**टीम एक्शन इंडिया/शाहाबाद/कुरुक्षेत्र, 18 अप्र**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्न गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने वीरवार को शाहाबाद में चुनावी यात्रा की। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा की शुरूआत शाहाबाद की सब्जी मंडी से की जहां उन्होंने चाय की दुकान पर व्यापारियों को चाय बनाकर पिलाई। इसके बाद शहीद उधम



सिंह मेमोरियल हॉल में कार्यकताओं के साथ बैठक की। फिर श्री कृष्ण धर्मशाला में आयोजित इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। यहां से हुड्डा सेक्टर-1 चाय कार्यक्रम में पहुंचे और शाम को गांव हबाना में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और "इंडिया" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज शाहाबाद में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकताओं के साथ जो 37 दिन का समय बचा है उसको कैसे इस्तेमाल किया जाए। गांव गांव में जाकर लोगों को कैसे समझाना है कि भाजपा ने किस प्रकार किसानों और बेटियों पर अत्याचार किया। इस विषय पर सभी कार्यकताओं के साथ विचार विमर्श किया गया है। उन्होंने कहा मैं कल देख रहा था कि भाजपा के उम्मीदवार नवीन जिंदल एक बोरी उठाकर किसान हितैषी होने का नाटक कर रहे थे। जब इसी कुरुक्षेत्र में पीपली से किसानों पर लाठियों की शुरूआत हुई और पूरे देश में भाजपा ने किसानों पर जुल्म किया। डेढ़ साल तक किसानों को दिल्ली बॉर्डर पर बैठा कर रखा।

# पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनेगा राजकीय महिला कॉलेज

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
राजकीय महिला कॉलेज हिसार व राह ग्रुप फाउंडेशन ने पर्यावरण संरक्षण, हरियाणवीं संस्कृति को बढ़ावा देने एवं विभिन्न खेलों के खिलाडि?ों को बेहत्तर मंच प्रदान करने के लिए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। इस संबंध में राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ व राजकीय महिला कॉलेज हिसार के प्राचार्य डा. रमेश आर्य ने इस संबंध में आज एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान तय हुआ कि ग्रीन ड्रीम फाउंडेशन की प्रोजक्ट रिपोर्ट के आधार पर कॉलेज की कुल 28 एकड़ जमीन 12 से अधिक सामाजिक संस्थाओं



एवं समाजसेवियों के सहयोग से पौधारोपण किया जाएगा। जिसमें कॉलेज की एक छात्रा को एक पौधे की देखरेख की जिम्मेवारी प्रदान की जाएगी। तीन वर्ष पौधों की देख-रेख करने वाली प्रत्येक छात्रा को राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल वाइस चेयरमैन सुरेश गोयल क्रांतिकारी ने बताया कि दोनों संस्थाओं के तत्वाधान में ग्रीन ड्रीम फाउंडेशन की प्रोजक्ट रिपोर्ट के आधार पर कॉलेज प्रांगण में 2200 से अधिक अलग-अलग किस्मों के फुलदार, छायादार, फलदार, औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। जिसमें हिसार शहर की दो दर्जन से अधिक सामाजिक संस्थाएं व समाजसेवी भी अपना-अपना सहयोग करेंगे। इसके अलावा हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राजकीय महिला कॉलेज में हरियाणवी फैशन शो का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के तत्वावधान में ह्यहरियाणा को जानोह्न नामक पुस्तक कॉलेज की सभी छात्राओं को निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। जिसके आधार पर एक प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। इसी कड़ी में विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेल जगत से संबंधित कार्यक्रमों का भी समय-समय पर आयोजन किया जाएगा।

महिला कुश्ती, विंटर ओलम्पिक गेम आइस स्केटिंग सहित विभिन्न खेलों को राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने, हरियाणवीं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग मंचों पर हरियाणवीं फैशन शो एवं दूसरे प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करवाने को लेकर करार हुआ है। साथ ही स्वच्छता को बढ़ावा देने, प्रतिभावान खिलाडि?ों एवं विद्यार्थियों को सम्मानित करने, पर्वतारोहण को बढ़ावा देने सहित एक दर्जन से अधिक मुद्दों पर ये दोनों संस्थाएं मिलकर कार्य करेगीं।

# एडीसी राहुल मोदी ने किया अनाज मंडियों का निरीक्षण, गेहूं खरीद प्रबंधों का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद, 18 अप्रैल, महेंद्र गोयल।**
अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने अधिकारियों के साथ फतेहाबाद, रतिया, भूना मंडी तथा वेयर हाउस के गोदाम का निरीक्षण किया और गेहूं फसल खरीद के प्रबंधों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडीसी ने मंडियों में पीने के पानी, सफाई तथा शौचालय इत्यादि की मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया तथा संबंधित मार्केट कमेटी सचिव को दिशा निर्देश जारी किए ताकि किसी भी किसान को फसल बेचने में कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े।



मौके पर व्यापार मंडल के सदस्यों ने बताया कि खरीद में कोई समस्या नहीं है खरीद अभी कुछ दिन पहले ही शुरू हुई है। एडीसी राहुल मोदी ने मौके पर ही जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक विनीत कुमार सहित जिला प्रबंधक हैफेड व जिला प्रबंधक हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन को उठान जल्द करवाने के निर्देश जारी किए गए।

फोटो 01 से 04: फतेहाबाद। अनाज मंडियों का निरीक्षण कर गेहूं फसल खरीद के प्रबंधों का जायजा लेते एडीसी राहुल मोदी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया • करनाल • 19 अप्रैल 2024 • पृष्ठ 12 • आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# हमें विकसित भारत चाहिए: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## देश को विकसित बनाने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश चाहिए: सीएम

**वोट की अपील**

**जिन लोगों के लिए परिवार महत्वपूर्ण है वे सपा कांग्रेस की बात करेंगे, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है, वे भाजपा को जिताएंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किठौर विधानसभा क्षेत्र के सिसौली में जनसभा को संबोधित किया। वे हेलिकॉप्टर से सिसौली इंटर कॉलेज के मैदान में बने हेलीपैड पर उतरे तीन बजे से उनकी सभा हुई। योगी आदित्यनाथ का जिले में ये तीसरा दौरा है। इससे पहले वे मोदीपुरम में हुई प्रधानमंत्री की रैली में आए थे। इसके बाद सरधना में ठाकुर चौबीसी में रैली को संबोधित कर चुके हैं। गुरुवार को योगी किठौर विधानसभा क्षेत्र में ठाकुर बाहुल्य क्षेत्र सिसौली में आएंगे। ठाकुर समाज की कई जगह नाराजगी के चलते लगातार पश्चिम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभाएं कर रहे हैं। सिसौली में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा औघड़ नाथ और क्रांतिकारियों की धरा और शहीद अनिल तोमर को नमन करता हूं। श्री राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को भी नहीं पता था कि रामलला इस बार अपना जन्मोत्सव मनाएंगे। जो आपने 22 जनवरी में देखा है, जो आपने 2020 में देखा। कल अयोध्या में 15 लाख से ज्यादा लोग आए। क्या कांग्रेस और सपा के लोग ये कर पाते। इसीलिए अरूण गोविल को लाए हैं। 1857 में धन सिंह कोतवाल ने स्वतंत्रता की अलख जगाए। तेरा वैभव अमर रहे मां। वे अपने या परिवार के लिए नहीं जिए उनका जीवन देश के लिए था। मेरठ से दिल्ली तक एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत मेरठ का खेल उद्योग दुनिया ने नाम कमा रहा है। 1947 में पाकिस्तान अलग हुआ तो संख्या कम थी लेकिन क्षेत्रफल पाकिस्तान का ज्यादा था। आज भारत में 80 करोड़ लोगों को निशुल्क अन्न मिल रहा है और पाकिस्तान के 22 करोड़ लोग भूखे मर रहे हैं। 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया है। 12 करोड़ किसानों को पीएम निधि, 12 करोड़ घरों में शौचालय दिए हैं। ये सभी कार्य प्रधानमंत्री के नेतत्व में हुए हैं। कश्मीर में 370 क्या सपा बसपा कांग्रेस खत्म कर पाते। अयोध्या में राम मंदिर का सपना बसपा सपा कर पाते है। पहले यहां दंगे होते थे। आज यहां बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं। भाजपा आस्था का भी सम्मान करती है, महिलाओं को सुरक्षा देती है, नौजवानों को रोजगार भी देती है। देश में विकास कार्य करती है। देश को विकसित बनाने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश चाहिए, आत्मनिर्भर मेरठ चाहिए। मेरठ की बेटी पारुल चौधरी ने चीन में मेडल जीता हमने उनको सीधे डीएसपी बनाया। अरुण गोविल मेरठ के सांसद होंगे तो फ्री मे विज्ञापन कर-के मेरठ का नाम आगे बढ़ाएंगे। हमें विकसित भारत चाहिए, देश के बारे में भी सोचेगा जिसके लिए देश प्राथमिकता है। जिन लोगों के लिए परिवार महत्वपूर्ण है वे सपा बसपा कांग्रेस की बात करेंगे, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है, वे भाजपा को जिताएंगे, जिसने कल भगवान सूर्य का तिलक देखा होगा, वो कहेंगे जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे।

### क्षेत्रफल में ज्यादा होने के बाद भी पाकिस्तान में भुखमरी: योगी

**योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि 1947 में भारत और पाकिस्तान स्वतंत्र हुए। पाकिस्तान को कम जनसंख्या के मुकाबले क्षेत्रफल ज्यादा मिला। भारत 80 करोड़ लोगों को चार वर्ष से नि:शुल्क राशन मिल रहा है और अगले पांच साल तक जारी रहेगा। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है, जिसमें से 80 करोड़ नि:शुल्क राशन पा रहे है। पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है और लोग भूखे मर रहे हैं। भारत का विभाजन करके पाकिस्तान बना। भारत का समृद्ध क्षेत्र और ज्यादा जमीन भी दी गई और वहां लोग भूखे मर रहे हैं। जितनी पाकिस्तान की आबादी नहीं है, उससे ज्यादा लोगों को दस वर्षों में गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है।

**60 करोड़ गरीबों को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा का कवर दिया: योगी**
सीएम ने कहा कि 60 करोड़ गरीबों को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा का कवर दिया गया है। उत्तर प्रदेश में जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, ऐसे लोगों की चिट्ठी मिलते ही जनधन अकाउंट में पैसा सीधा भेजा जा रहा है।



लोकसभा के पहले चरण के चुनाव के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर शुक्रवार 19 अप्रैल को मतदान होगा। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए गुरुवार को मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गयी हैं।

## फास्ट न्यूज

### चुनाव डयूटी: कर्मचारी की हार्टअटैक से मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडला:** मध्य प्रदेश के मंडला में चुनाव ड्यूटी में तैनात एक कर्मचारी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हार्टअटैक से उनकी जान गई है, पीएम रिपोर्ट आना बाकि है। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक मनीराम कांवरे बिछिया विकासखंड के नकावल ग्राम का रहने वाला था। प्रारंभिक जांच के अनुसार सिविल सर्जन डॉक्टर विजय धुर्वे ने बताया कि कर्मचारी की मृत्यु हार्ट अटैक के चलते हुई है, पोस्टमार्टम के उपरांत ही इसकी पुष्टि की जाएगी। 18 अप्रैल 2024 को निर्वाचन के लिए शासकीय कर्मचारियों की ड्यूटी हर बूथों तक मत पेटियां पहुंचने के लिए लगाई गई है। बता दें कि बुधवार रात्रि से ही शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर मंडला में जिले भर से कर्मचारियों के आने का तांता लगा हुआ है। 18 अप्रैल को सुबह ही चुनाव डयूटी में आए एक कर्मचारी की चुनाव डयूटी के दौरान मौत हो गई। चुनाव डयूटी में आए मृतक मनीराम कांवरे की अचानक तबियत बिगड़ी तो उसे शासकीय जिला चिकित्सालय मंडला लाया गया। जहां परीक्षण के दौरान उक्त कर्मचारी को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना की सूचना मृतक के परिवारजनों और जिले के आला अधिकारियों को दे दी गई है। जानकारी प्राप्त होते ही आला अधिकारियों का अमला जिला चिकित्सालय में पहुंच चुका है। उक्त घटना की जांच की जा रही है।

### महंगाई और बेरोजगारी से हर परिवार परेशान है: अक्षय कांति

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर:** लोकसभा चुनाव आ चुके हैं और कांग्रेस-भाजपा दोनों दलों के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में दिनरात मेहनत कर रहे हैं। इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम चुनाव लड़ रहे। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव नीचे से ऊपर की ओर है। हमारा सबसे पहला ध्यान बूथ कार्यकर्ता पर है। सबसे पहले हम बूथ मैनेजमेंट कर रहे हैं। मतदाता सूची का प्रशिक्षण चल रहा है, प्रचार सामग्री गली गली में लगाई जा रही है। बोलने को तो कोई कुछ भी कह सकता है। भाजपा लिखकर दे सकती है क्या कि वह इंदौर में आठ लाख वोट से चुनाव जीतेगी। इस बार चुनाव परिणाम के बाद भाजपा को कांग्रेस की केस स्टडी करना पड़ेगी की कांग्रेस इतने अच्छे वोट से कैसे जीत गई। आज देश में दो ही बड़े मुद्दे हैं। पहला महंगाई और दूसरा बेरोजगारी।

### 50 से अधिक खेतों में लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**अलीगढ़:** फसल को लेकर किसान अपनी आंखों में कई सपने संजोकर रखता है कि जब फसल बिकेगी, तो बेटी की शादी करेगा, कर्ज चुकाएगा, बच्चों का एडमिशन कराएगा, ये खरीदेगा-वो खरीदेगा। वही फसल जब उसके सामने जल कर राख हो जाए और उसके हिस्से में बस राख रह जाए, तो उस किसान के आंखों के आंसू भी सूख जाते हैं। ऐसा ही हुआ अतरौली के गांव गनियावली और पेंडरा में, जहां 18 अप्रैल दोपहर आग लगने से करीब 50 से अधिक किसानों की सैंकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग बुझाने में किसानों के पसीने छूट गए। दमकल की तीन गाड़ी मौके पर पहुंची, तब करीब डेढ़ घण्टे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### मारे गये 29 में से 16 नक्सलियों की पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**

**कांकेर: हापाटोला** जंगल में मंगलवार को मुठभेड़ में मारे गये 29 में से 16 नक्सलियों की पहचान हो गई है। बाकी 13 नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हुए थे। उल्लेखनीय है कि कांकेर में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान 15 महिला नक्सलियों सहित कुल 29 नक्सली मारे गए। ज्यादातर मारे गए नक्सलियों की पहचान दक्षिण बस्तर के निवासी के रूप में हुई है। मारे गए जिन नक्सलियों की पहचान हुई है उनमें शंकर राव-डीव्हीसी सदस्य/उत्तर बस्तर डिवीजन मास प्रभारी, ललिता डीव्हीसी-सदस्य/परतापुर एरिया कमेटी प्रभारी/जनताना सरकार, दिवाकर सुखलाल पद्दा, हीरालाल, विनोद गावडे, राकेश, कमला सोढ़ी, रंजीत, हिड़मे मरकाम, नीतू वड्डा, मानकी कुड़ामी शामिल हैं।

## हताश कांग्रेसी उल्टे-सीधे बयान दे रहे: सीएम साय



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोरबा: कोरबा** में भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडेय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री साय की मौजूदगी में नामांकन का दूसरा सेट जमा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी मौजूद रहे। भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडेय ने 16 अप्रैल को अपना पहला नामांकन फॉर्म शुभ मुहूर्त में पहले भी जमा किया था। कोरबा सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद आयोजित सभा को संबोधित किया। कोरबा की नामांकन रैली में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, विधानसभा में आशीर्वाद देने के लिए कोरबा और प्रदेश की जनता का धन्यवाद। अब यह लोकसभा चुनाव भी काफी अहम चुनाव है। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। कोरबा को ऐसी अनुभवी उम्मीदवार मिली है जो महापौर रही हैं, विधायक रहीं हैं, सांसद रहीं हैं, भाजपा संगठन में भी बड़े पद पर रही हैं। कांग्रेस के नेताओं ने किस चीज में भ्रष्टाचार नहीं किया। नरवा गरवा में, शराब में, कोयला में हर चीज में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किया है। आज वे सब जेल में हैं। इस भ्रष्टाचार में जिन अधिकारियों ने सहयोग किया वे भी जेल में हैं। बेल भी नहीं मिल रही। हमारी आदिवासी समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू आज देश के सर्वोच्च पद पर बैठी हैं। आदिवासी समाज की चिंता सिर्फ भाजपा ही करती है। कांग्रेस के नेता अब बौखलाहट में कुछ भी बयान दे रहे हैं। कांग्रेस कहती है, भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी। उन लोगों की बात में नहीं आना है। अमित शाह भी कह चुके हैं कि भाजपा जब तक राजनीति में है आरक्षण खत्म नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि, मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम सांय-सांय हो रहा है। चुनाव के बाद विकास के काम में और तेजी आएगी। कई लोग हैरान हैं, कई मुख्यमंत्री मुझे कह चुके हैं छत्तीसगढ़ में इतना तेजी से काम हो रहा है।

**साधा निशाना**

**भाजपा उम्मीदवार सरोज ने 16 अप्रैल को अपना पहला नामांकन फॉर्म शुभ मुहूर्त में पहले भी जमा किया था**

**कांग्रेस की सांसद ही कहती हैं कि कांग्रेसी भ्रष्टाचारी हैं : पांडे**
फॉर्म जमा करने के बाद मीडिया से सरोज पांडे ने कहा कि, कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत कहती हैं कि कांग्रेस के लोग भ्रष्टाचार करते हैं लेकिन मैं नहीं करती हूं।

### किसी भी दशा में चुनाव में फर्जी वोटिंग नहीं होंने देंगे: डॉ. ओ.पी. सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुर:** डीआईजी रेंज वाराणसी डॉ. ओ.पी. सिंह ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। डीआईजी ने पार्टी प्रतिनिधियों और अधिकारियों को उनके दायित्वो के सम्बंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण संपन्न करो के लिए हम सभी का दायित्व है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन करें और अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## पूरा मध्य प्रदेश मोदीमय है: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### सागर पहुंचे सीएम मोहन यादव, भाजपा प्रत्याशी के साथ रोड शो में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सागर:** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को सागर में थे। दाखिल किए जाने के पहले उनके समर्थन में आयोजित रोड शो में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री पहुंचे थे। निर्धारित समय से लगभग सवा घंटा देरी से बालाजी मंदिर स्थित हेलीपैड पर पहुंचे सीएम यादव का भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, स्थानीय विधायक शैलेंद्र जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह, आदि ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



सीएम डॉ. मोहन यादव यहां से कार द्वारा सरस्वती गार्डन मोती नगर चौराहा पहुंचे और रथ पर सवार हुए। यहां उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत व प्रहलाद पटेल, विधायक शैलेंद्र जैन निवृत्तमान सांसद राज बहादुर सिंह, महापौर संगीता सुशील तिवारी, लोकसभा प्रत्याशी लता वानखेड़े आदि भी रथ पर सवार होकर जनता का अभिवादन करते हुए निकले। रोड शो मार्ग पर जगह-जगह पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री का रोड शो यहां से रामबाग मंदिर बड़ा बाजार, कोतवाली होकर तीनबत्ती पहुंचकर पूर्व निर्धारित समापन स्थल कटरा यातायात थाने के पहले ही समाप्त हो गया।

**प्रचार**

**दाखिल किए जाने के पहले उनके समर्थन में आयोजित रोड शो में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री पहुंचे थे**

## मुस्लिम वोटों के लालच में किसी भी हद तक गिर सकती है सपा: नंदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण एवं रामलला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी पर समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव द्वारा राम मंदिर को लेकर दिए गए बयान पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने करारा प्रहार किया है।
रामगोपाल यादव के बयान पर मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रोफेसर होकर इस प्रकार की नफरती और विभाजनकारी भाषा का प्रयोग रामगोपाल यादव की डिग्री पर सवालिया निशान है। इसी



विकृत सोच ने सैकड़ों निर्दोष रामभक्तों पर गोलियां चलवाने का महापाप किया था। सनातन आस्था के प्राण पुरुष प्रभु श्रीराम के बारे में ऐसा ओछा बयान इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि समाजवादी पार्टी मुस्लिम वोटों के लालच में किसी भी हद तक गिर सकती है। वोट बैंक को पोषित करने के लिए हिन्दू आस्था व श्रद्धा को पाखंड कहना समाजवादी पार्टी की निकृष्टता और पतन की पराकाष्ठा है। जनता इस चुनाव में इन हिन्दू विरोधी शक्तियों को जमींदोज कर देगी। रामद्रोही समाजवादी पार्टी का नामोनिशान ढूंढ़े से भी नहीं मिलेगा। उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर सपा का सूपड़ा साफ होना सुनिश्चित है। सपा, बसपा, कांग्रेस के लोग नहीं कर पाते काम मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सारे परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए हैं।

### मायावती ने नौ दिन पहले घोषित प्रत्याशी को पार्टी से निकाला

**झांसी: बहुजन** समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने नौ दिन पहले घोषित झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राकेश कुशवाहा को पार्टी से बुधवार देर रात निष्कासित कर दिया। कुशवाहा पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है। इतना ही नहीं, मायावती ने झांसी के जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को भी हटा दिया है। उनके स्थान पर बीके गौतम को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। बसपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष गौतम ने बताया कि जल्द ही इस सीट पर प्रत्याशी घोषित किया जाएगा।

## टिकट वितरण: होइए वही जो राम रचि राखा: सांसद बृजभूषण सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने उत्तर प्रदेश में लगभग सभी सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। भाजपा ने अभी सिर्फ दो सीटों पर पत्ते नहीं खोले हैं। इनमें रायबरेली और कैसरगंज सीट शामिल हैं। कैसरगंज सीट पर पेच फंसा है। इस सीट से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह इस सीट से लगातार दावेदारी कर रहे हैं। कैसरगंज और रायबरेली सीट पर पांचवें चरण (20 मई) को मतदान होना है। 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। 3 मई को



नामांकन की आखिरी तारीख है। 6 मई नाम वापसी की आखिरी तारीख है। भाजपा ने इन दोनों सीटों पर अभी उम्मीदवारों के नामों का एलान नहीं किया है। वहीं, टिकट को लेकर गुरुवार को भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिक्रिया आई है। दरअसल, डबल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई के लिए दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे।

## सपा सरकार में हुए थे एक हजार दंगे: ब्रजेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**बदायूं: प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य के समर्थन में गुरुवार को बदायूं क्लब में नामांकन जनसभा को संबोधित किया और सपा कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी(सपा) की सरकार में एक हजार से अधिक दंगे हुए, आज उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त है
उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव इंडी गठबंधन और भाजपा के बीच है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा सरकार के दौरान भ्रष्टाचार चरम पर रहा है। भाई-भतीजा बाद हुआ है। आज हम कह सकते हैं कि समाजवादी पार्टी की सरकार में एक हजार दंगे हुए थे,लेकिन उत्तर प्रदेश में आज भाजपा की सरकार की वजह से माफिया गले में तख्ती लटका कर घूमते हैं कि हम सब्जी बेंच लेंगे, लेकिन गुंडागर्दी व अराजकता नहीं करेंगे।
डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दस सालों में गरीब आदमी के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम किया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहतर करने का काम किया है। कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने का काम किया है। 2014 से लेकर 2024 तक उससे पहले का रिकॉर्ड आप सबके सामने हैं। उन्होंने कहा कि 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार चल रही थी। उस समय की सरकारें भ्रष्टाचार के दंगल में डूबी हुई थी, चाहे टी-जी स्पेक्ट्रम, कोयला या खेल में घोटाला हो, इतना ही नहीं सेना के भवनों में भी घोटाला हुआ। यह सब भारत माता की छवि को नीचे गिराने का काम कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने किया।

**अपराध मुक्त**

**समाजवादी पार्टी(सपा) की सरकार में एक हजार से अधिक दंगे हुए, आज उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त है**

**रणनीति** कमलनाथ के बेटे नकुल या भाजपा के बंटी, सीट का सियासी समीकरण?, सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू होगी

## छिंदवाड़ा लोकसभा सीट: मतदान आज, जनता की पसंद कौन?

**टीम एक्शन इंडिया**

**छिंदवाड़ा:** मध्य प्रदेश में पहले चरण का मतदान शुक्रवार को होगा। सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू होगी और शाम छह बजे तक जारी रहेगी। 19 अप्रैल यानी कल प्रदेश के छह सीटों पर मतदान होगा, इसमें सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा शामिल है। इस सीट पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कलनाथ के बेटे नकुलनाथ और भाजपा के विवेक बंटी साहू के बीच टक्कर है। नकुलनाथ अपने पिता कमलनाथ और विवेक पीएम मोदी को आगे रखकर चुनाव लड़ रहे हैं। जानिए, क्या कहता है इस सीट का सियासी समीकरण।




**छिंदवाड़ा सीट कमलनाथ का गढ़:** पिछले 44 साल से कमलनाथ या उनके परिवार का कोई सदस्य यहां की सत्ता संभाल रहा है। लेकिन, इस बार यहां कांटे की टक्कर है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि सांसद के तौर पर यहां की जनता नकुलनाथ को ज्यादा पसंद नहीं कर रही है। ऐसे में पूर्व सीएम कमलनाथ के सामने सांसद बेटे नकुलनाथ को जिताने के साथ-साथ अपने 44 साल के सियासी साम्राज्य को बचाने की चुनौती है। चुनाव तरीख के एलान के बाद से ही कमलनाथ इसमें जोर-शोर से जुटें हुए हैं। अब कल मतदान हैं, ऐसे में जनता किसे सांसद बनाएगी, उसका परिणाम ईवीएम में कैद हो जाएगा, जो चार जून को सामने आएगा।

**कमलनाथ का इमोशनल कार्ड:** नकुलनाथ को जिताने के लिए कमलाथ ने पूरी ताकत झोंक दी है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने बेटे के लिए रात-दिन छिंदवाड़ा में कैंप किए। इस दौरान उन्होंने उनके कार्यकाल में किए विकास कार्य गिनाएं और इमोशनल कार्ड खेला है। जनसभाओं में उन्होंने कहा- मैंने अपनी जवानी छिंदवाड़ा के लिए समर्पित की है। मेरी आखिरी सांस यहां के लिए है। नकुलनाथ भी लगातार भावनात्मक अपील कर रहे हैं। उनकी पत्नी खेतों में फसल काटती हुई भी नजर आ चुकी हैं। छिंदवाड़ा सीट जीतने के लिए भाजपा ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस सीट की सभी सात विधानसभा क्षेत्र को लेकर अलग-अलग रणनीति बनाई और उस पर काम किया।

**चुनावी सरगर्मी**

**छह सीटों पर मतदान होगा, इसमें सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा शामिल है**